(१) सुन्दर संस्कारित भाषा होती है। (२) स्वर उच्च होता है। (३) भाषा ग्रामीण और सादी होती है। (४) स्वर और भाषोच्चारणमें गंभीरता होती है। (५) बोलते समय ध्वनि निकलती है। (६) वाणी सरस होती है। (७) राग युक्त भाषा होती है। (८) सूत्र थोडा और अर्थ अधिक होता है। (९) वाणीमें पूर्वापर विरोध नहीं होता। (१०) सन्देह रहित भिन्न २ अर्थ प्रकाशन होता है। (११) निरशंकित गुण दाता हैं। (१२) वाणी अकाट्य युक्ति युक्त होती है। (१३) चित्त अन्यथा न होकर स्थिर होजाता है, अत.वाणी आकर्षक होती है। (१४) वाणी देश और कालसे उचित संबंध रखती है। (१५) अधिक विस्तृत होकर भी अनमेल या अरुचिकर नहीं होती। (१६) जीवादि वस्तु विचारका ज्ञान कराने वाली भाषा होती है। (१७) उपदेश करते समय किसीका मर्म प्रकाश नहीं करते। (१८) भाषा पूर्वापर सापेक्ष होती है। (१९) आख्यायिकाकी तरह वाणी मनको प्रेमास्पद बना देती है। (२०) भाषा मधुर और अनादिकालकी भूख मिटाने वाली होती है। (२१) उनकी श्रद्धेय भाषा स्वयं सिद्ध होती है। (२२) वस्तुका वास्तविक ज्ञान प्रकट कराती है। (२३) परनिन्दा रूप और अपनी प्रशंसा रूप भाषा नहीं होती। (२३) प्रशंसनीय भाषा होती है। (२५) बोलते समय अधिक कालक्षेप नहीं करते। (२६) चित्तको सन्तोष होता है। (२७) व्याख्यान मध्यम गतिका होता है। (२८) श्रोता कर्म रोगसे मुक्त हो जाता है परन्तु मनन करने पर। (२९) वाणी अनादि कालकी भ्रमणा मिटाती है। (३०) जिसका वर्णन करते हैं उसका संक्रमण उसी विशेष रूपसे करते हैं। (३१) उनकी भाषा वचनान्तर नहीं होती। (३२) पद, अर्थ अलग २ करके बोलते हैं। (३३) सत्व और साहस श्रोताओंका बढ जाता है। (३४) धर्मश्रवण करते हुए लोक अघाते नहीं। (३५) जीवादिक की अविच्छिन्न प्ररूपणा करते हैं।

खेदज्ञ–

संसारके प्राणियों द्वारा अर्जन किए हुए मार्मिक दु:खविपाकको जानते हैं। कर्म विपाकसे उत्पन्न शारीरिक मानसिक क्लेशोंको प्रभु सदय होकर जानते तथा देखते हैं। उनको दु:खोंका ज्ञान करानेके अनन्तर प्राण, भूत, जीव और सत्वकी अशान्ति दूर करनेके लिए अहिंसा, सत्य, निस्तृष्ण आदिका उपदेश करके संसारमें शान्तिकी स्थिति–स्थापना करते हैं। अतः खेदज्ञ हैं।

क्षेत्रज्ञ–

आकाशके अनन्त प्रदेशोंमें धर्म, अधर्म, जीव, काल और पुद्गलके अनन्त समूहको जाननेके कारण प्रभु क्षेत्रज्ञ भी हैं। क्योंकि लोक और अलोकके गुप्त और प्रगट सब भावों और विषयोंके ज्ञाता हैं। यथातथ्य स्वस्वरूप और परस्वरूप जाननेसे आत्मज्ञ हैं। तथा इस नश्वर शरीर क्षेत्र में आत्मा या धर्म रूप सार जाननेसे, तथा स्त्रीके विषय दोष और उसके रमण और अनुरक्त रहनेमें जो दोष हैं उसे जाननेके कारण क्षेत्रज्ञ हैं।

कुशल–

सत् और असत्को अलग करके बता देते हैं, आठ प्रकारके कर्मरूपी तीक्ष्ण कुशको काटनेमें कुशल हैं। निर्जराका पथ बतानेमें समर्थ हैं, धर्मोपदेश देनेमें मंगलप्रद हैं अत: कुशल भी है।

आशुप्रज्ञ–

आपका उपयोग अनन्त होनेसे आशुप्रज्ञ हैं, परन्तु वह उपयोग छद्मस्थों-कासा नहीं है। [वहतो कुछ देर सोच विचार करनेके पश्चात् जानता है, कार्माण वर्गणाओंद्वारा आत्मस्वरूप पर पर्दा पड जाने के कारण उस कर्म सहित संसारी आत्मा की छद्मस्थ संज्ञा है। परन्तु भगवान् तो 'वियट्ट छउमाणं' इस दोषसे निवृत्त हैं]

महर्षिः–

अत्यन्त उग्र तपरूपी अनुष्ठान करनेसे, अनुकूल प्रतिकूल परिषह और उपसर्ग सहन करनेसे, नाना तितिक्षाओं को सहनेसे, तत्व वस्तुका वास्तविक रूपमें प्रकाश करनेसे, सत्य वाणीका उच्चारण करनेसे महर्षि थे।

अतीत, अनागत, वर्तमानका अनन्त स्वरूप जाननेकी दृष्टिसे अनन्तज्ञानी; तथा सामान्य अर्थका भिन्न करण करनेसे अनन्तदर्शी थे।

उनके अक्षय और अतुल यश का गायन मनुष्य-असुर और देव सब मिल कर करते थे। संसारकी दो आंखों द्वारा प्रत्यक्षतया सूक्ष्म और बादर पदार्थोंका ज्ञान भलिभांति करा देनेसे उनके प्रतिपादित धर्मको तथा उनकी धीरताको देख !

धर्म-

संसारके प्राणिओंका दुःखोंसे उद्धार करना उसका स्वभाव है अतः वह धर्म है तथा ज्ञान और क्रियाके भेदसे धर्म दो तरहका है।

"समता, तप, सन्तोष, सरलता, उत्तम क्षमा, आदिक विहित पुरुषार्थको भी धर्म कहा है।"

"मनुने धैर्य रखना, शान्ति करना, अकिंचनवृत्ति रखना, इन्द्रिय दमन करना, आत्माको बुरे विचारोंसे हटा कर पवित्र करना, आत्मदोषका निग्रह करना, बुद्धि द्वारा सत्, असत् युक्त अयुक्तका निर्णय करना, निष्पाप तथा निस्पृह सत्य बोलना, आए हुए क्रोधको निष्फल करना, यह १० प्रकारका धर्म बताया है।"

धर्मके पारको पानेवाले पुरुषोंने देश काल, अवस्था, बुद्धि, शक्ति, आदि के अनुरूपसे धर्मोपदेशको ही औषध रूप कहा है।

इसके अतिरिक्त उनकी चरित्रमें निश्चलता धीरता देख! क्योंकि वे अपनी प्रतिज्ञामें सदैव दृढ रहते थे। संयम के अतिरिक्त वे किसीमें अनुरक्त न थे ॥ ३ ॥

गुजराती अनुवाद—ज्ञातनन्दन शासनपति महावीर प्रभु ३४ अतिशय तथा ३५ प्रकारना वाणी गुणे करी अलंकृत हता।

३४ अतिशय—(१) माथाना केश-दाढीमूछ तथा शरीरना वाळ अने नख मर्यादित होय। (२) नीरोगी अने मेल, रज आदिथी निर्लेप शरीर होय। (३) मास अने लोही गायना दूध जेवा उज्वल अने मीठां होय। (४) श्वासोच्छ्वास कमळ जेवा सुगन्धित होय। (५) प्रभुना आहार अने निहार चर्मचक्षुओथी अदृश्य होय, कारणके ते क्रियाओ गुप्त करवामां आवे छे। (६) आकाशमां धर्म चक्र चाले। (७) आकाशमां छत्र रहे। (८) आकाशमां श्वेतवर चामरो विंझाय। (९) आकाशमां अत्यन्त स्वच्छ स्फटिक सिंहासन पादपीठ सहित थई आवे। (१०) आकाशमां लघुपताकाओथी परिमंडित रत्नमय इन्द्र

ध्वज प्रभुनी आगल चाले। (११) अशोकवृक्ष थई आवे, त्यां जवाथी बीजा-ओना शोकनुं निवारण थाय। (१२) जरा पाछलना भागमां, मस्तक प्रदेशे तेजोमंडल थई आवे, ते दशे दिशाओना अंधकारने दूर करे। (१३) पृथ्वी बहु सपाट अने रमणीय बनी जाय। (१४) कांटा ऊंधां थई जाय, तेनी माफक बहु हठवादी विनीत थई जाय, (१५) विपरीत ऋतु सुखस्पर्शी थई जाय, समय अनुकूल तथा धर्म माटे योग्य थई जाय। (१६) शीतल-सुखकर-सुगन्धयुक्तवायु एक योजन क्षेत्रमां वहे। अने सर्व प्रकारनी अशुचि दूर करे। (१७) सुगन्धि वृष्टि थाय तेथी आकाशनी रज अने भूमि ऊपरनी रेणु ढंकाई जाय, ज्ञानधारा वरसवाथी कर्म रज दूर थई जाय। (१८) रमणीय पंचवर्ण फूल प्रगटे। (१९) अमनोज्ञ (अशुभ) शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्ध उपशमे अर्थात् नाश पामे। (२०) मनोज्ञ शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गंध उत्पन्न थाय। (२१) चारे बाजुए बेठेली परिषद भगवान्नो योजनातिक्रमी स्वर बराबर श्रवण करी शके अने ते शब्दो श्रोताओने प्रिय लागे। (२२) प्रभु अर्धमागधी भाषामां धर्मदेशना आपे। (२३) आर्य अनार्य देशना मनुष्यो-पशुओ-पक्षीओ विगरेने आ भाषा पोतानी भाषामा परिणमे, ते हितकर-सुखकर-आनन्दकर अने मोक्षदायी लागे। (२४) जन्मवेर, जातिवेर, शान्त थायः। (२५) भगवान्ने देखतां अन्य दर्शन-मताभिमानी हठ छोडी नम्र बने छे। (२६) प्रतिवादी निरुत्तर बने। (२७) प्रभु विचरे छे त्यांथी २५ योजन चारे दिशामा दुष्काल-उंदर-तीड विगेरेनो उपद्रव रहे नहिं। (२८) महामारी मरकी प्लेग न होय। (२९) स्वचक्रनो भय नहीं थाय। (३०) पर लश्करनो भय न होय। (३१) अति वृष्टि न थाय। (३२) अनावृष्टि न थाय। (३३) दुकाल न पडे। (३४) उत्पातो अने व्याधिओ तुरत शमी जाय।

सत्यवाणीना ३५ गुण–

(१) भगवान्नी वाणी संस्कार—लक्षण युक्त होय। (२) बुलंद आवाज वाली वाणी। (३) सादी। (४) गंभीर। (५) पडछंदा युक्त। (६) सरल। (७) उपनीत रागत्व-श्रोताओ धारे के भगवान् मने उद्देशीनेज उपदेश आपे छे। (८) महार्थ—सूत्र थोडो अर्थ घणो। (९) पूर्वापर वाक्यनी अविरोधी। (१०) शिष्ट। (११) असंदिग्ध, (१२) वाणीमां-अर्थमां दूषण रहित। (१३) हृदयग्राही, (१४) देश कालने अनुकूल। (१५) तत्वनी.

यथार्थ स्वरूप दर्शक। (१६) जे सम्बन्ध चालतो होय तेनी सिद्धि पुरस्सर कहेवुं ते। (१७) पद वाक्यनुं परस्पर सापेक्ष पणुं। (१८) इष्ट रीतिए तत्वनुं कहेवुं। (१९) अत्यन्त मधुर-सुखकर। (२०) परना रहस्य विगेरेने प्रकट नहि करनारी। (२१) वस्तुना अर्थ तथा धर्म सहित। (२२) अर्थनो झलकाट उठे एवां पदो सहित। (२३) पर निन्दा अने आत्मप्रशंसा रहित। (२४) कहेला गुणोना योगथी प्रशंसा करवा लायक। (२५) व्याकरणना दोष रहित। (२६) श्रोताओने पोताना विषयनो जवाब मळवाथी आश्चर्य अने वैराग्य उत्पन्न करनारी। (२७) अद्भुत। (२८) अत्यन्त विलम्ब रहित। (२९) मननी भ्रान्ति तथा वाक्य बोलवानी अशक्ति विगेरे दोष रहित। (३०) सर्व सुर-असुर-नर-अने तिर्यंच पोतानी भाषामां समजे तेवी। (३१) बीजा पुरुषोनी अपेक्षाए शिष्योने विषे विशेष बुद्धिने पेदा करनारी। (३२) पदो, वाक्यों स्पष्ट रीते समजाय तेवी चोक्खी। (३३) पराक्रमवाळी अनायासे वाणी प्रकाशे जाय। (३५) कहेवा धारेला अर्थोनी सारी रीते सिद्धि थाय त्यां सुधी अविच्छिन्न वाग्धाराए बोल्या जवाय तेवी।

खेदज्ञ-

संसारना प्राणिओए संचय करेला मार्मिक कर्मोना दु:खविपाकने तेओ जाणे छे। कर्मना परिणामे उत्पन्न शारीरिक तथा मानसिक क्लेशोने प्रभु दयार्द्र बनीने जाणे छे तेमज देखे छे। तेमनां दु:खोनुं ज्ञान करावबाने तथा प्राण-भूत-जीव-सत्वनी अशान्ति दूर करवाने तेओ अहिंसा-सत्य-निस्पृण्य विगेरेनो उपदेशकरीने संसारमां शान्तिनी स्थापना करे छे। तेथी भगवान् खेदज्ञ छे।

क्षेत्रज्ञ-

आकाशना अनन्त प्रदेशोमां धर्म-अधर्म-जीव-काल अने पुद्गलना अनन्त समूहने तेओ जाणे छे। तेथी क्षेत्रज्ञ पण छे। अथवा लोक-अलोकना गुप्त अने प्रगट सर्व भाव अने विषयना ज्ञाता छे। यथातथ्य स्वस्वरूप तथा परस्वरूपना ज्ञाता होवाथी आत्मज्ञ छे। आ नश्वर शरीर क्षेत्रमां तेमना आत्माना अथवा धर्मरूप सारना जाणकार होवाथी, तेमज स्त्रीना विषय दोष अने तेमां रमण करवाथी जे दोषो उत्पन्न थाय छे, तेना पण जाणकार होवाथी तेओ क्षेत्रज्ञ छे।

कुशल-

सत्-असत्‌ने भिन्न भिन्न करीने बतावे छे। आठ प्रकारना कर्मरूपी तीक्ष्ण

कुशने कापवामां कुशल छे । निर्जरानो मार्ग बतावबामां समर्थ छे, धर्मोपदेश देवामां मंगलप्रद छे ।

आशुप्रज्ञ-

तेओनो उपयोग अनन्त होवाथी आशुप्रज्ञ छे । परन्तु ते उपयोग छद्मस्थोना जेवो होतो नथी । [छद्मस्थ तो थोडो समय विचारणा कर्या बाद जाणे छे । कार्मण वर्गणाओ द्वारा आत्म स्वरूप पर पडदो पडतां कर्म सहित संसारी आत्माने छद्मस्थ कहे छे । परन्तु भगवान् तो "वियट्ट छउमाणं" ए दोष थी मुक्त छे ।

महर्षि-

अत्यन्त उग्र तपश्चर्या करवाथी अनुकूल प्रतिकूल परिषह तथा उपसर्ग सहन करवाथी नाना प्रकारना दु:खो सहवाथी तत्वस्वरूपनुं वास्तविक रूप प्रगट करवाथी, सत्यवाणी बोलता होवाथी, तेओ महर्षि हता ।

भूत-भविष्य अने वर्तमानना अनन्त स्वरूप जाणवानी अपेक्षाए तेओ अनन्तज्ञानी तथा सामान्य अर्थनुं निरूपण करवाथी अनन्तदर्शी हता ।

तेमना अक्षय अने अतुल यशनुं गान मनुष्य-सुर-असुर विगेरे सर्वे मळीने करता हता ।

लोकने चक्षुभूत एवा श्रीमहावीरदेवना परूपेला धर्मने तथा तेमनी धीरजने जाण अने देख ।

धर्म-

संसारना प्राणिओने दु:खमांथी उद्धार करवानो तेनो स्वभाव छे । ज्ञान अने क्रिया ए बे प्रकारनो धर्म छे । समता-तप-सन्तोष-सरळता-उत्तम क्षमा-विगेरेने पण धर्म कहेवामां आवे छे । धीरज राखवी-शान्तिधारण करवी-अकिंचनवृत्ति-भजवी-इंद्रिय दमन-आत्माने खराब विचारोथी हटावीने पवित्रभावनाओ-आत्मदोषनिग्रह-शुद्धि द्वारा सत्-असत्-युक्त-अयुक्तनो निर्णय, निष्पाप-निस्पृह-सत्य, क्रोध निष्फल करवो-एम दश प्रकारनो धर्म मनुए पण बतावेलो छे ।

धर्म पारंगत पुरुषोए देश-काल अवस्था-बुद्धिशक्तिने अनुरूप धर्मोपदेश आप्यो छे ।

महावीरप्रभुनी चारित्रनी निश्चलता, धीरता एटले तेओ पोतानी प्रतिज्ञानां हमेशा दृढ रहेता हता, सदैव संयममांज तेओ मग्न रहेता ।

मूल

उड्ढं अहेयं तिरियं दिसासु,
तसा य जे थावर जेय पाणा।
से णिचणिचेहिं समिक्ख पन्ने,
दीवेव धम्मं समियं उदाहु ॥ ४ ॥

संस्कृतच्छाया

ऊर्ध्वमधस्तिर्यक्षु दिक्षु,
त्रसाश्च ये स्थावरा ये च प्राणिनः।
स नित्यानित्याभ्यां समीक्ष्य प्राज्ञः
दीप [द्वीप] इव धर्मं समितमुदाह ॥ ४ ॥

सं० टीका—अधुना सुधर्माचार्यस्तद्गुणान् स्फुटं प्रकटनचिकीर्षुराह—ऊर्ध्वमधस्तिर्यक्षु दिक्ष्वथवा चतुर्दशरज्ज्वात्मके लोके ये जीवाः "शुद्धनिश्चयनयेनादिमध्यावसानवर्जितस्वपरप्रकाशकाविनश्वरनिरुपाधिशुद्धचैतन्यलक्षणनिश्चयप्राणेन यद्यपि जीवन्ति, तथाप्यशुद्धनिश्चयनयेनानादिकर्मबन्धवशादशुद्धद्रव्यभावप्राणैर्जीवन्तीति जीवाः। 'उपयोगमयाः' शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन यद्यपि सकलविमलकेवलज्ञानदर्शनोपयोगमयास्तथाप्यशुद्धनयेन क्षायोपशमिकज्ञानदर्शननिर्वृत्तत्वाज्ज्ञानदर्शनोपयोगमया भवंति। "अमूर्तयः" यद्यपि व्यवहारेण मूर्तकर्माधीनत्वेन स्पर्शरसगन्धवर्णवत्या मूर्त्या सहितत्वान्मूर्तास्तथापि परमार्थेनामूर्तातीन्द्रियशुद्धबुद्धैकस्वभावत्वादमूर्ताः। "कर्तारः" यद्यपि भूतार्थनयेन निष्क्रियटंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावोऽयं तथाऽप्यभूतार्थनयेन मनोवचनकायव्यापारोत्पादककर्मबीजसहितत्वेन शुभाशुभकर्मकर्तृत्वात् कर्तारः। "सदेहपरिमाणा" यद्यपि निश्चयनयेन सहजशुद्धलोकाकाशप्रमितासंख्येयप्रदेशास्तथापि व्यवहारेणानादिकर्मबन्धाधीन-

त्वेन शरीरनामकर्मोदयजनितोपसंहारविस्ताराधीनत्वात् घटादिभाजनस्थप्रदीपवत् सदेहपरिमाणाः। "भोक्तारः" यद्यपि शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन रागादिविकल्पोपाधिरहितस्वात्मोत्थसुखामृतभोक्तारस्तथाऽप्यशुद्धनयेन तथाविधसुखामृताभावाच्छुभाशुभकर्म्मजनितसुखदुःखभोक्तृत्वाद्भोक्तारः। "संसारस्थाः" यद्यपि शुद्धनिश्चयनयेन निस्संसारनित्यानन्दैकस्वभावास्तथाप्यशुद्धनयेन द्रव्यक्षेत्रकालभावभवपञ्चप्रकारसंसारे तिष्ठन्तीति संसारस्थाः। "सिद्धा" व्यवहारेण स्वात्मोपलब्धिलक्षणसिद्धत्वप्रतिपक्षभूतकर्मोदयेन यद्यप्यसिद्धास्तथापि निश्चयनयेनानन्तज्ञानानन्तगुणस्वभावत्वात् सिद्धाः। त एवंगुणविशिष्टा जीवाः। "विस्रसोर्द्धगतिकाः।" यद्यपि व्यवहारेण चतुर्गतिजनककर्म्मोदयवशेनोर्द्धाधस्तिर्यग्गतिस्वभावास्तथापि निश्चयेन केवलज्ञानाद्यनन्तगुणावाप्तिलक्षणमोक्षगमनकाले विस्रसा स्वभावेनोर्द्धगतिकाश्चेति। अत्र शुद्धाशुद्धनयद्वयविभागेन नयार्था अप्युक्ताः। आगमार्थः पुनः "अस्त्यात्माऽनादिबद्धः" इत्यादिप्रसिद्ध एव शुद्धनयाश्रितं जीवस्वरूपमुपादेयं शेषं च हेयम्। एवंविधा जीवास्त्रसन्त्युद्वेगं भयं प्राप्नुवन्ति यद्वा त्ररन्ति चेतस्ततो गच्छन्तीति त्रसाः। "चरिष्णु जंगमचरं त्रसमिंगं चराचरमित्यमरः।" ते त्रसास्तु द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियभेदाच्चतुर्धा। तथा ये च स्थावराः पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिभेदात्पंचधा। तिष्ठन्तीति स्थावरा भूताः सत्वाश्चापि, यथा च—

"प्राणा द्वित्रिचतुःप्रोक्ता भूतास्तु तरवः स्मृताः।
जीवाः पंचेन्द्रियाः प्रोक्ताः शेषाः सत्वा उदीरिताः॥"

"स्थावरो जंगमेतर इत्यमरः।" एते प्राणानां धारकत्वात्प्राणिनो भवन्ति। प्राणास्तु दशधा यथा—"पंचेन्द्रियाणि त्रिविधं बलं

च, ह्युच्छ्वासनिःश्वासमथान्यदायुः, प्राणा दशैते भगवद्भिरुक्तास्तेषां वियोगीकरणं हि हिंसा ।" एते विद्यन्ते यस्य ते प्राणिनो, जीवस्याधुना तु बाह्यप्राणधनपराक्रमत्वात् "शक्तिः प्राणः पराक्रम इत्यमरः।" चार्वाकशाक्यादिमतनिराकरणेन पृथ्व्यादेकेन्द्रियाणामपि जीवत्वमित्यावेदितम् । तान् जीवान्नित्यानित्याभ्यां ध्रुवव्ययाभ्यां समीक्ष्य=ज्ञात्वा केवलज्ञानित्वात्प्रकर्षेण जानातीति प्राज्ञः । द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिकनयाश्रयणादावेदेति भावः। स ज्ञातृपुत्रो महावीरो भगवान् तत्व-पदार्थ-स्वरूपाणां ज्ञापकतया दीपवद्दीपः प्रकाशकत्वात् यथार्थधर्ममाह-उक्तवान् । सम्यक्तया समतया श्रुतचारित्रात्मकं धर्मं वीतरागभावेन रागद्वेषरहितत्वेन सदनुष्ठानितया चेति । परमकारुणिको हि भगवान् लोकाननुग्रहीतुमेव धर्ममावेदितवान्नतु निजोत्कर्षप्रकाशनार्थमपीति सहृदयैर्ज्ञेयम् ॥ ४ ॥

अन्वयार्थ—[से] उस [पन्ने] आत्मप्रज्ञ केवलज्ञानी प्रभुने [उड्ढं] ऊपर [अहेयं] नीचे और [तिरियं] तिरछी [दिसासु] दिशाओंमें [जे] जो [तसा] त्रस-हिलने सरकनेवाले (य) और [थावर] स्थावर [पाणा] प्राणी हैं, उनको [णिच्चणिच्चेहिं] नित्य और अनित्यदृष्टिसे [समिक्ख] जान कर [दीवे व] दीवेकी सदृश अथवा विश्वसागरमें डूबते जीवोंकेलिए द्वीपकी तरह (धम्मं) धर्मको [समियं] समानभावसे [उदाहु] बताया ॥ ४ ॥

भावार्थ—आर्य सुधर्म फिरसे बोले कि-भगवान् महावीर त्रस और स्थावर जीवोंको जोकि-ऊपर-नीचे और इधर उधर भरे पडे हैं, सब जगह विद्यमान हैं, और जीवोंको उन्होंने पर्यायकी दृष्टिसे अनित्य और द्रव्यकी दृष्टिसे नित्य बताया है। और उनके उत्तम धर्मका उपदेश जगत्-सागरमें डूबते हुए प्राणिओंको द्वीपके समान सहारा देते है, और अज्ञानताके अंधेरेको मिटानेकेलिए दीवेके समान है। इस प्रवचनसे अनात्मवादका खण्डन हो जाता है

एवं वृक्ष-वायु-पृथ्वी आदिमें जीव है यह सिद्ध किया है, और जैनदर्शनके प्राणभूत स्याद्वाद-सिद्धान्तका सम्यक् दिग्दर्शन कर दिखाया है ॥ ४ ॥

श्रीसुधर्माचार्य वीर प्रभुके गुणों को प्रकट करते हैं।

भाषा-टीका—सर्वज्ञ-वीर भगवान्ने ऊर्ध्वलोक, मानवलोक, अधोलोक के सब जीवोंका स्वरूप इस भान्ति वर्णन करके बताया है कि–"**जीव**" यद्यपि जीवसमूह शुद्ध निश्चयनयसे आदि, मध्य और अन्त से रहित, अपने और परके गुणोंका प्रकाशक, उपाधिरहित और शुद्ध चैतन्य (ज्ञान) रूप निश्चय प्राणसे ही जीवित है, तथापि अशुद्ध- निश्चयनयसे अनादि कर्मबन्ध के वशसे जो अशुद्ध द्रव्यप्राण और भाव प्राण हैं उनसे जीवित रहने के कारण- यह जीव है।

उपयोगमय–

यद्यपि शुद्धद्रव्यार्थिकनयसे परिपूर्ण तथा निर्मल ज्ञान और दर्शन ही उपयोग हैं इसी से जीवसंज्ञा है, तो भी अशुद्ध-नयसे क्षायोपशमिकज्ञान और दर्शनसे बना हुआ है, इस लिए ज्ञानदर्शनोपयोगमय है।

अमूर्त–

यद्यपि व्यवहारनयसे यह जीव मूर्त कर्मों के अधीन होने से स्पर्श, रस, गन्ध, वर्णवाली मूर्तिके द्वारा रचित रहनेके कारण मूर्त है तथापि निश्चय नयसे अमूर्त, इन्द्रियोंसे अगोचर, शुद्धरूप स्वभावका धारक होने से अमूर्त है।

कर्ता–

यद्यपि जीव निश्चयनयकी दृष्टिसे क्रिया रहित, उपाधिरहित जाननेके स्वभावका धारक है। *तथापि व्यवहारनयसे मन, वचन तथा कायके व्यापारको* उत्पन्न करनेवाले कर्मोंसे युक्त होनेके कारण शुभ और अशुभ कर्मोंका करनेवाला है, अतः कर्ता है।

स्वदेह परिमाण–

यद्यपि जीव निश्चयनयपूर्वक स्वभावसे उत्पन्न शुद्धलोकाकाशके समान है और असंख्य प्रदेशोंका धारक है, तथापि शरीर नाम कर्मके उदयसे उत्पन्न– संकोच तथा विस्तारके अधीन होने से घड़े आदि पात्रोंमें रहे हुए दीपककी सदृश अपने देहके परिमाण जितना है।

भोक्ता-

यद्यपि जीव शुद्धद्रव्यार्थिक नयसे रागादिविकल्परूप उपाधियोंसे शून्य है, और अपने आत्मासे उत्पन्न हुए अमृतको भोगनेवाला है, तथापि अशुद्ध-नयसे उस सुखरूप अमृतपदार्थके अभावसे शुभ कर्म्मसे उत्पन्न सुख और अशुभ कर्मसे उत्पन्न दुःखोंको भोगता है अतः भोक्ता भी है।

संसारस्थ-

संसारमें स्थित रह कर अनेक पर्याय बदलता रहने के कारण संसारी है। यद्यपि जीव शुद्ध निश्चयनयसे संसार रहित है और नित्य आनन्दघन रूप एक स्वभावका धारक है तथापि अशुद्ध निश्चय नयसे द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, भव इन भेदोंसे पांच प्रकारके संसारमें रहता है अतः यह आत्मा-जीव संसारस्थ भी है।

सिद्ध—

यह आत्मा सिद्ध भी है। यथाह प्रज्ञापनायाम्—सितं बद्धं—अष्टप्रकारं कर्मेन्धनम्, ध्मातं दग्धं जाज्वल्यमानशुक्लध्यानानलेन यैस्ते निरुक्तविधिना सिद्धाः। अथवा 'षिधु गतौ' इति वचनात् सेधन्ति स्म अपुनरावृत्त्या निवृत्तिपुरीमगच्छन्, अथवा 'षिधु संराद्धौ' इति वचनात् सिद्ध्यन्ति स्म निष्ठितार्था भवन्ति स्म। अथवा "षिधूञ् शास्त्रे मांगल्ये च" इति वचनात् सेधन्ति स्म शास्तारोऽभूवन्, मांगल्य-रूपतां चानुभवन्ति सेति सिद्धाः। अथवा सिद्धा नित्या अपर्यवसान-स्थितिकत्वात्, प्रख्याता वा भव्यैरुपलब्धगुणसन्दोहत्वात्, आह च,

"ध्मातं सितं येन पुराणकर्म, यो वा गतो निर्वृतिसौधमूर्ध्नि;
ख्यातोऽनुशास्ता परिनिष्ठितार्थो, यः सोऽस्तु सिद्धः कृतमंगलो मे"

अतः स सिद्धो नमस्करणीयस्तेषामविप्रणाशिज्ञान-दर्शन-सुख-शक्त्यादिगुणयुक्ततया स्वविषयप्रमोदप्रकर्षोत्पादनेन भव्यानामतीवो-पकारहेतुत्वादिति।

भावार्थ—"आठ प्रकारके कर्मरूपईन्धनको शुक्लध्यानकी आगसे जिसने जला दिया हो वह सिद्ध होता है, अथवा गत्यर्थक 'षिधु' धातुसे सिद्ध अर्थात् अपुनरावृत्ति की अपेक्षा जो निर्वृत्तिपुरीमें पहुंच गए हैं वह सिद्ध हैं; *अथवा निष्पत्त्यर्थक 'षिधु' धातु द्वारा 'सिद्ध' यानी जिसने अपने अर्थको निष्पन्न* किया है, और जो कृतकृत्य होगया हो, वह सिद्ध है; अथवा शास्त्रार्थक और मांगल्यार्थक 'षिधून्' धातुसे 'सिद्ध' यानी जो शासनकर्ता हो, अथवा जो मंगलत्वके स्वरूपका अनुभव कर्ता हो, या जो स्वयं मंगलरूप हो वह 'सिद्ध' है; अथवा नित्य कारण जिनकी स्थिति अविनाशी है, अथवा भव्य जीवोंको *जिनके गुणसमूह उपलब्ध होने से प्रसिद्धि प्राप्त हैं, या जिन्होंने बांधा हुआ* पुराना कर्म जला दिया है, जो निर्वृत्तिरूप महलके शिखरके ऊपर जा पहुंचा है, जो प्रसिद्ध है, अनुशासन करनेवाला है, कृतार्थ है, वह सिद्ध प्रभु हमारे लिए कृत मंगल है नमस्कार करने योग्य है, इसीलिए कि—वे अविनाशी-ज्ञान, दर्शन, सुख, शक्ति, आदिकसे युक्त हैं और स्वविषय आनन्दोत्कर्ष के उत्पादक होनेसे *भव्य जीवोंके ऊपर अप्रतिम उपकार करने से वे नमन करने योग्य* हैं; ।" यद्यपि जीव व्यवहार नयके कारण अपनी आत्माकी प्राप्ति रूप उपरोक्त सिद्धत्व युक्त है, और उसके प्रतिपक्षी कर्मोंके उदयसे असिद्ध है, तथापि निश्चय नयसे अनन्तज्ञान और अनन्तगुण स्वभावका धारक होनेसे सिद्ध है;

ऊर्द्धगामी—

इन कहे हुए गुणोंका धारक जीव स्वभावसे ऊर्ध्वगमनकरनेवाला है, *यानी व्यवहारसे चार गतियोंको पैदा करनेवाले कर्मोंके उदयसे ऊंचा, नीचा,* तथा तिर्छा गमन करनेवाला है, तथापि निश्चयनयसे केवलज्ञान, आदि अनन्त-गुणोंकी प्राप्ति स्वरूप मोक्षमें चला जानेके कारण स्वभावसे ऊर्ध्वगमन करने वाला है, इस प्रकार जीवका स्वरूप शुद्ध और अशुद्ध नयकी दृष्टिसे समझाया *गयाहै । और अनादि कालसे कर्मोंद्वारा आत्मा स्वयं बंधकर संसारमें रुल* रहा है इत्यादि आगमका अर्थ तो प्रसिद्ध ही है । और शुद्ध नय के आश्रित जीवका स्वरूप उपादेय यानी ग्रहण करने योग्य है और बाकी सब हेय है तथा उसके त्रस और स्थावर ये दो भेद हैं ।

त्रस—

त्रस प्राणी वे हैं जो किसी के द्वारा भय, त्रास, और उद्वेग प्राप्तकर, या

सताया जाकर अपने बचनेके लिए जो इधर उधर भाग फिर सकते हैं, जिनके दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय, चार इन्द्रिय, पांच इन्द्रिय, ये चार प्रकार हैं।

स्थावर-

पृथिवी, पानी, आग, हवा, वनस्पतिके भेदसे पांच स्थावर हैं। ये अपने ऊपर आए हुए संकट से बचनेके लिए उद्यम करनेमें सर्वथा अशक्त हैं, बहुत थोडी समझ है, और जन्म मरण भी अधिक करते रहते हैं, पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु के जीव ४८ मिनिट में १२८२४ वार मर कर जन्म लेते हैं, वनस्पतिमें निगोदजीवकी अपेक्षा ६५५३६ वार जन्मते मरते हैं। हमारा एक श्वास मुखसे आता है और वे १७ वार जन्म कर मरते हैं। अतः ये सब स्थावर कहलाते हैं। इन्हीं में भूत सत्व भी हैं यथा-

२-३-४ इन्द्रियवालोंको प्राणी संज्ञक जानना चाहिए। वनस्पतिकी भूत संज्ञा है। पांच इन्द्रिय वालोंको जीव संज्ञक माना है। पृथ्वी, पानी, आग, हवाको सत्व संज्ञासे पहचानते हैं। इन सब जीवोंमें १० द्रव्य प्राण होते हैं। जिनकी गणना इस भांति है।

१० द्रव्य प्राण—श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसेंद्रिय, स्पर्शेन्द्रिय, मन, वचन, काय, आयुके प्रमाणु, श्वास उच्छ्वासका लेना छोडना, इत्यादि १० प्राण हैं। यह प्राण धन सब जीवोंको अत्यन्त प्रिय है। जब इन पर मुसीबतका कुल्हाडा बजता है तब उस धनसे मोह एक दम हटा देता है। स्थावरोंमें जीव सिद्धि होनेसे चार्वाकादि का खण्डन हो जाता है। भगवान्ने इन सब जीवोंको द्रव्यकी दृष्टिसे नित्य और पर्याय की दृष्टिसे अनित्य फर्माया है। इसे द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयके आश्रयसे भी समझाया है। प्रभु स्वयं वायु की तरह डूबते हुए संसारी जीवोंको सहायक भूत हैं, और उनका ज्ञान तत्व-पदार्थ का पृथक् ज्ञान करानेके कारण दीपकके समान हैं। दीपककी तरह स्व-पर रूपका ज्ञान प्रकट हो जाता है। यही भगवान्का धर्म है, जिसे उन्होंने और तीर्थंकरोंकी भांति समता अर्थात् तुलनात्मक दृष्टिसे कहा है। इनका धर्मोपदेश करनेका आशय लोकोंको समभाव-उपशमभाव-अर्हत्भाव तथा सत्वका स्वरूप समझाकर संसारमें परोपकारिता फैलाना था कुछ अपना उत्कर्ष प्रकट करनेका उद्देश नहीं ॥ ४ ॥

गुजराती अनुवाद—सुधर्माचार्य वीरप्रभुना गुणोनुं वर्णन करे छे।

सर्वज्ञ प्रभु श्रीवीरभगवाने ऊर्ध्वलोक अधोलोक अने त्रिछालोकना समस्त जीवोनुं स्वरूप आ रीते वर्णवेलुं छे ।

जीव-

जो के जीव समूह शुद्ध निश्चय नयथी आदि-मध्य अने अन्त रहित, स्व तथा पर गुण प्रकाशक, उपाधि रहित, अने शुद्ध चैतन्य (ज्ञान) रूप निश्चय प्राणथी जीवित छे । तो पण अशुद्ध निश्चय नये अनादि कर्म बंधना कारणे जे अशुद्ध द्रव्य प्राण अने भाव प्राण छे तेनाथी जीवित रहेवाने कारणे जीव छे ।

उपयोगमय-

जो के शुद्ध द्रव्यार्थिक नये जीव परिपूर्ण तथा निर्मल ज्ञान दर्शन मय छे, तो पण अशुद्ध नये क्षायोपशमिक ज्ञान दर्शन युक्त छे, तेथी जीव ज्ञानदर्शनोपयोगमयी छे ।

अमूर्त-

व्यवहारनयथी आ जीव मूर्त कर्मोने वश होवा थी स्पर्श-रस-गंध-वर्ण वाळी मूर्तिथी रचित होवाना कारणे मूर्त छे । पण निश्चय नये अमूर्त, इन्द्रियोथी अगोचर शुद्धरूप स्वभावनो धारक होवाथी अमूर्त छे ।

कर्ता-

जीव निश्चयनये क्रिया रहित, उपाधिरहित, जाणवानो स्वभावनो धारक छे; पण व्यवहार नये मन-वचन-कायना व्यापारने उत्पन्न करवावाळां कर्मोथी सहित होवाना कारणे शुभाशुभ कर्मनो कर्ता छे ।

सदेह परिमाण—जीव निश्चय पूर्वक स्वभावथी उत्पन्न शुद्ध लोकाकाश समान छे, तेमज असंख्य प्रदेशोनो धारक छे, पण शरीर नामकर्मना उदये घडा विगेरे पात्रमां रहेला दीवानी माफक संकोच विकोचमय होवाना कारणे देहप्रमाण रहे छे ।

भोक्ता—शुद्ध द्रव्यार्थिक नये जीव रागादि विकल्परूप उपाधिथी रहित छे, तेमज निजात्मथी उत्पन्न अमृतनो भोक्ता छे, पण अशुद्धनये ते सुखरूप अमृत पदार्थोना अभावे शुभकर्मथी उत्पन्न सुख अने अशुभ कर्मथी उत्पन्न दुःखनो भोक्ता छे ।

संसारस्थ—संसारमां रहीने पर्याय बदलता रहेवाने कारणे संसारी छे, जो के शुद्ध निश्चय दृष्टिए जीव संसार रहित छे, तेमज नित्य आनंदघनरूप स्वभावनो धारक छे, तो पण अशुद्ध निश्चय नये द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव-भव ए पांच प्रकारे संसारमां रहे छे, तेथी आत्मा-जीव संसारस्थ पण छे।

सिद्ध—आठ प्रकारना कर्मरूप ईंधणने शुक्लध्याननी आग वडे जेणे बाळी दीधा होय, ते सिद्ध छे; अथवा गत्यर्थक "षिध्" धातु थी सिद्ध अर्थात् अपुनरावृत्तिनी अपेक्षा जे निवृत्ति पुरीमा पहोंची गया छे, ते सिद्ध छे, अथवा निष्पत्त्यर्थक "षिधु" धातु थी सिद्ध एटले जेणे पोताना अर्थ निष्पन्न कर्या छे, अने जे कृतकृत्य थई गया छे, ते सिद्ध छे, अथवा शास्त्रार्थक तेमज मांगल्यार्थक 'षिधुन्' धातुथी सिद्ध अर्थात् जे शासन कर्ता छे, अथवा जे मंगलरचना स्वरूपना अनुभव कर्ता छे, अथवा जे स्वयं मंगलरूप छे, ते सिद्ध छे; अथवा नित्य होवाना कारणे जेनी स्थिति अविनाशी छे, अथवा भव्य जीवोमां जे गुणसमूह उपलब्ध होवाना कारणे प्रसिद्धि पामेला छे, अथवा जेणे पूर्वे बांधेलां जुनां कर्मो बाळी नाख्या छे, जे निवृत्ति महेलना शिखर पर बिराजे छे, जे प्रसिद्ध छे, शासन कर्ता छे, कृतार्थ छे, ते सिद्ध प्रभु उदासीन रूपेण आपणा मंगलना करनार छे, नमस्कार करवा योग्य छे, एटला माटे के तेओ अविनाशी ज्ञान, दर्शन, सुख, शक्ति आदि थी युक्त छे, अने स्वविषय आनन्दोत्कर्ष उत्पादक होवाथी भव्य जीवो पर अप्रतिम उपकार करवाने लीधे नमन करवा योग्य छे, जो के जीव व्यवहार नये पोताना आत्मानी प्राप्तिरूप उपरोक्त सिद्धत्व गुणवालो छे, ने तेना प्रतिपक्षी कर्मोंना उदये असिद्ध छे, तो पण निश्चय नये अनन्तज्ञान अने अनन्तगुण स्वभावनो धारक होवाथी ते सिद्ध छे।

ऊर्ध्वगामी—उपरोक्त गुणो धारण करनार जीव स्वभावथी उर्ध्वगमन करवा वाळो छे, अने व्यवहारे चतुर्गतिमां रखडावनार कर्मोना उदयथी ऊंची, नीची तथा तिरछी दिशामां गमन करवावाळो छे, तो पण निश्चय नये केवलज्ञानादि अनन्त गुणोनी प्राप्ति स्वरूप मोक्षमां जवाना कारणे स्वभावथी ऊर्ध्वगमन करवावाळो छे, आ रीते शुद्ध अने अशुद्ध नये जीवनुं स्वरूप समजाववुं छे, अनादिकालथी कर्मबंधथी बंधाएलो आत्मा ससारमां रखडीज रह्यो छे, इत्यादि आगमथी प्रसिद्ध छे, शुद्ध नये जीवनुं स्वरूप उपादेय अर्थात् ग्रहण करवा योग्य छे, अने बाकी बीजुं बधुं हेय छे, तेना त्रस अने स्थावर एवा बे भेद छे।

त्रस–कोई पण भय, त्रास, उद्वेग पामीने अथवा सतामणी पामतां पोताना बचाव अर्थे जे अहीं तहीं हरी फरी के भागी शके छे, ते त्रस छे, तेना बेंद्रिय, तेंन्द्रिय, चौरिंद्रिय अने पंचेंद्रिय एवा चार भेद छे;

स्थावर–पृथ्वी-पाणी-अग्नि-वायु अने वनस्पति ए पांच स्थावरना भेद छे। तेओ पोतानां पर आवी पडेलां संकटोमांथी बचवानो प्रयत्न करवामां सर्वथा अशक्त छे, घणीज ओछी समजवाला छे, जन्म-मरण घणां करे छे; पृथ्वी-पाणी-अग्नि अने वायुना जीवो ४८ मिनिटमां १२८२४ वार जन्मे छे ने मरे छे, वनस्पतिमां निगोदना जीवो ६५५३६ वार जन्मे मरे छे, एक श्वासोश्वासमां ते एटला भव करे छे, आथी आ बधा स्थावर कहेवाय छे। आ दरेकना जीव छे, अने ते केवा स्वरूपे छे ते नीचेनी हकीकते समजाशे ते तमामने शरीर छे, अने तेना शरीरने मनुष्यना शरीर साथे जुदी जुदी रीते सरखाववामां आवे छे।

पृथ्वीकाय—जेम मनुष्यने घाई वागेलं होय अने घा पडेल होय, ते रूझाता धीमे धीमे भराइ जाय छे, तेम खोदेली खाणो पण स्वयं भराइ जाय छे, जेम उघाडापगे चालनार मनुष्यना पगनुं तळिऊं घसाय छे तेम वधतुं जाय छे, तेवीज रीते माणसो-पशुपक्षी तथा वाहनोनी आवजाव थवाथी पृथ्वी पण रोज घसाय छे, ने रोज वधवा पामे छे, जेम बालक वधे छे तेम पर्वत पण धीमे धीमे निल वधे छे, माणसने लोढुं पकडवुं होयतो माणसने लोढा पासे जवुं पडे छे, त्यारे लोह चुंबक नामनो पत्थर पोताने स्थाने रहीने पोतानी चैतन्य शक्ति थी लोटाने पोतानी पासे खेंची ले छे, माणसना पेटमां पथरीनो रोग थाय छे ते सचेत पत्थर होवाथी नित्य वधे छे, माछलीना पेटमां रहेल मोती पण एक जातनो पत्थर छे, अने ते पण नित्य वधे छे, जेम माणसना शरीरमांना हाड॰ कामां जीव होय छे, तेम पत्थरमां पण जीव होय छे।

अपकाय—जेम पक्षीना इंडामां रहेल प्रवाही पदार्थ पंचेन्द्रिय पक्षीना पिंड स्वरूपे छे, तेम पाणीना जीवो पण ते एकेन्द्रिय जीवोना पिंड रूपे छे, मनुष्य तथा तिर्यंच गर्भ अवस्थामां शरूआतमां प्रवाही पाणी रूपे होय छे, तेम पाणीमां पण जीव समजवा, जेम शियाळामां मनुष्यना मुखमांथी वराळ नीकळे छे, तेम कुवाना पाणीमांथी पण वराळ नीकळे छे, जेम शियाळामां मनुष्यनुं शरीर गरम होय छे, तेम शियाळामां कुवानुं पाणी पण गरम होय छे, जेम गरमीमां मनुष्यनुं शरीर शीतळ होय छे, तेम उनाळामां कुवानुं पाणी पण शीतल होय छे,

जेम मनुष्यनी प्रकृतिमां पण शरदी तथा गरमी होय छे, तेम पाणी नी प्रकृतिमां पण शरदी तथा गरमी होय छे, जेम मनुष्यनुं शरीर शियाळामा अकडाइ जाय छे, तेम शियाळामां तळावनुं पाणी पण अकडाई जइने बरफ बने छे, जेम मनुष्य बाल्यावस्था, युवावस्थाने वृद्धावस्था जेवां नवां रूप धारण करे छे, तेम पाणी पण वराळ-बरफ ने वरसाद आदि रूप धारण करे छे, जेम मनुष्यनो देह माताना गर्भमां पाके छे, तेम पाणी पण छ मास वादळामां गर्भ रूपे पाकीने वर्षानुं रूप धारण करे छे, जेम मनुष्यनो काचो गर्भ कोईक वार गळी जाय छे, तेम पाणीनो पण काचो गर्भ गळी जाय छे, जेने करा पड्या कहेवाय छे;

तेजस्काय—जेम मनुष्य श्वासोश्वास सिवाय जीवी न शके, तेम अग्नि पण श्वासोश्वास सिवाय जीवी शकतो नथी, जेम तावमां मनुष्यनुं शरीर गरम रहे छे, तेम अग्निना जीवो पण गरम होय छे, मरण पामवाथी मनुष्यनुं शरीर टंडु पडी जाय छे, तेम अग्निना जीवो पण मरी जवा थी ठंडा पडी जाय छे, जेम आगीयाना शरीरमां प्रकाश होय छे, तेम अग्निना जीवोमां पण प्रकाश होय छे, जेम माणस चाले छे, तेम अग्नि पण चाले छे, एटले अग्नि फेलाइने ते आगळ वधतो जाय छे, जेम मनुष्य ऑक्सीजन [प्राणवायु] हवा ले छे, ने कार्बन [विषवायु] बहार काढे छे, तेम अग्नि पण ऑक्सीजन हवा लइने कार्बन हवा बहार काढे छे।

वायुकाय—हवा हजारो गाऊ सुधी स्वतन्त्र रीते चाली शके छे, हवा पोताना चैतन्य बळथी मोटा विशाळ वृक्ष तथा मोटा महेलोने पाडी नाखे छे, हवा पोतानुं शरीर नानामांथी मोटुं बनावे छे, वर्तमानकाळमां विज्ञानिओए शोध करी छे, के हवामां थेक्सस नामनां सूक्ष्म जंतुओ उडे छे ने ते एटला सूक्ष्म छे के, सोयनी अणी जेटला भागमां एक लाख जंतुओ सुखेथी आराम पूर्वक बेसी शके छे।

वनस्पति काय—मनुष्यनो जन्म माताना गर्भमां रह्या पछी थाय छे, तेम वनस्पतिना जीवो पण पृथ्वीमाताना गर्भमां अमुक समय रह्या पछी बहार नीकळे छे, जेम मनुष्यनुं शरीर नित्य वधे छे, तेम वनस्पतिनुं शरीर पण नित्य वधे छे, जेम मनुष्य बालावस्था-युवावस्था ने वृद्धावस्था भोगवे छे, तेम त्रणे अवस्था वनस्पति पण भोगवे छे, जेम मनुष्यना शरीरने कापवाथी लोही नीकळे छे, तेम वनस्पतिना शरीरने.कापवाथी तेमांथी प्रवाही पदार्थ विविध रंगना नीकळे छे,

जेम खोराक मळवाथी मनुष्यनुं शरीर पुष्ट थाय छे, अने न मळवाथी मुरझाई जाय छे, तेम वनस्पति पण खातर तथा पाणीनो खोराक मळवाथी ते विकास पामे छे, अने तेना अभावे ते मुरझाई जाय छे, जेम मनुष्य श्वास ले छे, तेम वनस्पति पण श्वास ले छे, दिवसे कार्बन हवा लईने रात्रे वनस्पति ऑक्सीजन हवा बाहर काढे छे, जेम केटलाक मनुष्यो मांसाहारी होय छे, तेम वनस्पति पण माखी-पतंग आदि नाना जीवोना सत्वने पोताना पांदडा वती चुसी ले छे, या खातर अने हवा द्वारा मांसाहार करे छे, चन्द्रमुखी पुष्प चन्द्रमानी सामे ने सूर्यमुखी पुष्प सूर्यनी सामे खीले छे, अने तेमना अस्त थवाथी बीडाई जाय छे।

तेमां भूत-सत्व पण छे, जेमके बे-त्रण-चार इन्द्रियवाळा जीवो प्राणी कहे-वाय छे, वनस्पतिने भूत, पांच इंद्रियवालाने 'जीव,' अने पृथ्वी-पाणी-अग्नि-वायुने 'सत्व' कहे छे, ए बधा जीवोमां १० द्रव्य प्राण होय छे, जेनी गणतरी नीचे मुजब नी छे।

पांच इन्द्रिय, मन, वचन, काय, आयुष्य, श्वासोश्वास, ए दश प्राण छे, आ प्राणधन सर्व जीवोने अत्यन्त प्रिय छे।

स्थावरोमां जीव होवानुं साबित थवाना पुष्ट कारणे चार्वाक-नास्तिक आदिनुं खंडन थई जाय छे, आ सर्व जीवो द्रव्य दृष्टिए नित्य अने पर्याय दृष्टिए अनित्य छे, एम महावीर भगवाने फरमावेलुं छे, प्रभु पोते बेट समान डुबता संसारी जीवोने सहायक छे, तेमज तेमनुं ज्ञान तत्वनो निर्णय करावनारे कारणे दीपक समान छे, दीपक समान स्वरूप-पररूपनुं ज्ञान प्रगट थई जाय छे, आ भगवान्नो धर्म छे, के जे तेओए तुलनात्मक दृष्टि थी कहेलो छे। धर्मोपदेश करवानो तेमनो उद्देश लोकोने समभाव-शान्ति-अहिंसा-सत्यनुं स्वरूप समजावीने परोपकार कर-वानो हतो, पण पोतानो उत्कर्ष प्रगट करवानो न हतो ॥ ४ ॥

मूल

से सव्वदंसी अभिभूय नाणी,
णिरामगंधे धिइमं ठियप्पा;
अणुत्तरे सव्वजगंसि विज्जं,
गंथा अतीते अभए अणाऊ ॥ ५ ॥

संस्कृतच्छाया

स सर्वदर्शी अभिभूय ज्ञानी, निरामगन्धो धृतिमान् स्थितात्मा।
अनुत्तरः सर्वजगति विद्वान्, ग्रन्थादतीतोऽभयोऽनायुः ॥ ५ ॥

सं० टीका—स ज्ञातपुत्रमहावीरो भगवान् सर्वदर्शी समासीत्, किं कृत्वा, अभिभूय=यावद्वाविंशतिपरिषहान् तिरस्कृत्य पराजयं कृत्वेति। पुनः केवलाख्यं ज्ञानमस्यास्तीति सः। "अत इनिठनौ।" परतीर्थाधिपाधिकत्वमावेदितमित्यनेन ॥ अथ ज्ञानक्रियाभ्यां मोक्ष इति तस्य भगवतो ज्ञानं प्रदर्श्य क्रियां दर्शयितुमाह ॥ निर्गतोऽपगत आमो विशोधिकोटिरूपो गन्धो यस्मात् सोऽस्ति निरामगन्धो=मूलोत्तरगुणसमन्वितां चरित्रक्रियां कृतवान् इति। धृतिमान् स्थैर्यसम्पन्नो निश्चलतया चरित्राराधकः। स्थितात्मा=निर्मलात्मा शुक्लध्यानीति, यावदथवा स्थित्यात्मा मर्यादान्वितात्मा, यथा "संस्थातुं मर्यादा धारणा स्थितिरित्यमरः।" अशेषकर्मविगमात्स्थितो व्यवस्थित आत्मा यस्य स स्थितात्मा। परिणामद्वारेण विशेषणं ज्ञानक्रिययोरेतच्चेति भावः। अनुत्तर=उत्कृष्टः श्रेष्ठो नास्मादुत्तरं प्रधानं सर्वस्मिन्नपि जगति विद्यते सोऽनुत्तरः। "अनुत्तर एषां विपर्यये श्रेष्ठ इत्यमरः"। विद्वान्=सर्वहेयोपादेयज्ञेयपदार्थवेत्ता, सकलद्रव्याणां करतलामलकवत्प्रत्यक्षदर्शीति भावः। "विद्वान् विपश्चिद्दोषज्ञः सन्सुधीः कोविदो बुधः, धीरो मनीषी ज्ञः प्राज्ञ, इत्यमरः"। ग्रन्थादतीतो=ऽन्तर्बाह्यपरिग्रहग्रंथादतीतो रहितः, अथवा कर्मरूपाद्ग्रन्थादतिक्रान्तो रहितो निर्ग्रन्थ इत्यर्थः। प्रवृत्तिभावेऽथवा कर्मपर्वणोऽतीत इत्याशयः। "ग्रन्थिर्ना पर्वपरुषी इत्यमरः"। अभयः=सप्त प्रकारकं भयं न विद्यते यस्यासावभयो भीतिरहितः। "दरस्रासो भीतिर्भीः साध्वसं भयमित्यमरः"। अनायुः=नारकतिर्यङ्नृसुरासुररहितत्वात्। दग्धकर्मबीजत्वेन पुनरु-

त्पादस्याभावाच्चेत्यर्थः । "दग्धे बीजे यथात्यन्तं प्रादुर्भवति नांकुरः। कर्मबीजे तथा दग्धे, नारोहति भवांकुर इति" ॥ ५ ॥

अन्वयार्थ—[से] वह [सव्वदंसी] सब कुछ देखनेवाले भगवान् [अभिभूय] क्षायोपशमिक ज्ञानोंको जीतकर [नाणी] केवलज्ञान संयुक्त, [णिरामगंधे] निर्दोष चारित्र पालनेवाले [धिइमं] धीरता समन्वित [ठिअप्पा] अपने आत्म-स्वरूपमें स्थिर-लय [सव्वजगंसि] अखिल विश्वमें [अणुत्तरे] सबसे उत्कृष्ट [विज्जं] पदार्थोंके जाननेवाले सर्वज्ञ-सर्वविषयज्ञ [गंथा] परिग्रह-ग्रन्थीसे [अतीते] रहित [अभए] सात भयोंसे रहित [अणाउ] और आयु रहित थे ॥ ५ ॥

भावार्थ—भगवान् महावीर स्वामी सामान्यरूपसे पदार्थोंके जाननेवाले तथा मति-श्रुति-अवधि और मन.पर्यव इन चार क्षयोपशमजन्य ज्ञानोंको लांघकर केवलज्ञानसमुत्पन्न थे; और उन्होंने यह भी बताया कि ज्ञान और चरित्रसे ही मोक्ष होताहै अत. प्रभुके ज्ञानका वर्णन करके चारित्रका वर्णन करते हैं। भगवान्ने मूलगुण और उत्तरगुणोंका पूर्णतासे पालन किया तथा अनेक विघ्न बाधा और परिषह पडनेपर भी स्वचरित्रमें निश्चल रहे। भगवान् तीनों लोकमें सबसे श्रेष्ठ विद्वान् परिग्रह रहित निर्ग्रन्थ और सातभयसे रहित तथा सब कर्मोंसे मुक्त थे॥५॥

भाषा-टीका—प्रभु २२ परिषह और शारीरिक मानसिक कष्ट तथा रागादिक एवं ज्ञानावरणीयादिक आन्तरिक शत्रुओंको जीत कर केवल ज्ञानी होगए। आपने ज्ञानको प्रमुख पद देकर संसारको क्रियाका भी भान कराया। और यह सिद्ध कर दिखाया कि ज्ञान और क्रिया इन दोनोंका आश्रय लेनेसे मोक्ष है। अतः वे स्वयं आमगन्ध–मूल गुण और उत्तर गुणरूपी दोषोंसे रहित थे। आपने धीरतासे चरित्रका पालन किया, आत्माको शुक्लध्यानमें स्थिर किया। कर्मोंका सर्वथा नाश करनेके लिए निवृत्तात्मा होकर स्थित रहे, स्थिरता उनका प्रधान गुणथा। और ब्रह्मज्ञान–पाकर हाथ पर धरे आमलेकी तरह सब चराचरको जान लिया। क्योंकि अन्तर और बाह्य परिग्रहसे रहित होकर कर्म ग्रन्थिका सर्वथा भेदनकर चुके थे अतःआप निर्ग्रन्थ थे। यही कारण है कि बौद्धादिक आपको अब तक भी निग्गण्ठके नामसे स्मरणमें रखते हैं। आप स्वयं अभय रहकर औरोंको निर्भय बनानेके अर्थ उपदेश देते और लोकोंमें

सब वीर रस पैदा करते। देव, मनुष्य, पशु और नरकके आयुके लम्बे तारोंको तोड फोड कर नष्ट कर दिया। क्योंकि जब बीजको सेक भून दिया जाता है तब उसे बोया भी जाय तब भी वह अंकुर नहीं देता अर्थात् उसकी सृष्टि अगाडी नहीं बढती, इसी प्रकार कर्मबीज नष्ट होने पर संसारका अंकुर अर्थात् जन्म और मरण नष्ट हो जाता है ॥ ५ ॥

गुजराती अनुवाद—२२ परिषह, शारीरिक तथा मानसिक कष्ट, रागादिक तथा ज्ञानावरणीयादिक आन्तरिक शत्रुओने जीतीने प्रभु केवलज्ञानी थया, अने ज्ञानने प्रमुख पद आपीने ससारने कियानुं पण भान कराव्युं, अने सिद्ध करी बताव्युं के ज्ञान अने कियाथी मोक्ष छे, मूल तथा उत्तरगुणे दोष रहित संयमना पाळनारा, धैर्यवान्, सर्व कर्म नाश थवाथी स्थित आत्मवान्, सर्व जगत्ने विषे प्रधान ज्ञानवान्, बाह्य अने अभ्यन्तर परिग्रह रहित तेमज कर्म-ग्रन्थीनो सर्वथा नाश करवाथी निर्ग्रन्थ थया आ कारणे बौद्धादिक आपनुं 'निग्गण्ठ' (निर्ग्रन्थ) एवा नामथी स्मरण करे छे, आप सात भय रहित थया, अने बीजाओने निर्भय बनाववाने माटे उपदेश देता, अने लोकोमां साचो वीर रस पेदा करता, चार गतिना आयुष्य रहित ज्ञातृपुत्र श्रीमहावीर देव हता, कारणके ज्यारे बीजने शेकी नाखवामां आवे त्यारे तेने वाववामां आवे तो पण ते उगतुं नथी, आ रीते कर्मबीजनो नाश थई जवाथी संसारना अंकुर जन्म-मरण नाश पामी जाय छे ।

मूल

से भूइपन्ने अणिए अयारी,
ओहंतरे धीरे अणंतचक्खु ।
अणुत्तरे तप्पइ सूरिए वा,
वइरोइणिंदे व तमं पगासे ॥ ६ ॥

संस्कृतच्छाया

स भूतिप्रज्ञोऽनियतचारी, ओघंतरो धीरोऽनन्तचक्षुः ।
अनुत्तरं तपति सूर्य इव, वैरोचनेन्द्र इव तमः प्रकाशः ॥ ६ ॥

सं० टीका—'से इति' । भूति शब्दो वृद्धौ, सम्पदि, ऐश्वर्ये, भस्मनि वर्तते, भूतिप्रज्ञस्तत्र प्रवृद्धज्ञानोऽनन्तज्ञानवानिति, तथा च भूतौ भस्मनि कर्म्मणां भस्मसात्करण इत्यर्थः कर्म्मक्षय इति यावत् प्रज्ञा यस्य स भूतिप्रज्ञः, तथा समग्रात्मैश्वर्य्योदयवान् च । "भूतिर्भस्मनि सम्पदि, इत्यमरः" । पुनस्तथा भूतिप्रज्ञो जगद्रक्षाविषयको भूतिप्रज्ञः । सर्वमंगलभूतिप्रज्ञ इत्यपि; । अनियतचारी=अप्रतिबन्ध-विहरमाणत्वात्, वायुरिवेतिभावः । ओघं संसारं तरीतुं शीलमस्येति ओघतरः । उत्पादव्ययोः ओघं परम्परां तरतीति सः । "ओघो वेगे जलस्य च । वृन्दे परम्परायां च, द्रुतनृत्योपदेशयोरिति" मेदिनी । अथवा कर्म्मणामोघः समूहस्तं तरतीति सः । "ओघो वृन्देऽम्भसां रय इत्यमरः" । धीर्बुद्धिस्तया राजत इति धीरः,=परिषहोपसर्गेऽक्षोभ्यो दृढो वेति धीरः । "धीरोमनीषी ज्ञः प्राज्ञ इत्यमरः ।" अनन्तत्वा-चक्षुर्ज्ञानं तत्केवलज्ञानमेव तदेव चक्षुर्भूतः सोऽनन्तचक्षुरिति । यथार्कः सूर्योऽनुत्तरमुत्कृष्टं सर्वतोऽधिकं तपति न तस्मादधिकस्तापे कश्चनास्ति, तथैव भगवानपि ज्ञानेन सर्व्वोत्कृष्टः । पुनः कथंभूतो हि सूर्यो, विशेषेण रोचनो दीप्तिमान्, प्रकाशकाधिकत्वात्, इन्द्रोऽसौ यथा तमोऽपनीय-दूरीकृत्य प्रकाशयति, एवमसावपि भगवानज्ञानतमोऽपहृत्य यथावस्थितपदार्थान्प्रकाशयतीत्यर्थः । 'विरोचन इत्यत्र स्वार्थेऽणि, वैरोचनः सूर्य्योऽथवाग्निरिव कर्म्मेन्धनं ज्वालयित्वा अकर्म्मकः परिशुद्धो जात इत्यपि । "विरोचनः प्रल्हादस्य तनयेऽर्केऽग्निचन्द्रयोरिति मेदिनी ।" विरोचनो रविरेवेति बहुमतम्, यथा—"तरणिस्तपनो भानुर्व्रध्नः पूषार्य्यमा रविः, तिग्मः पतंगो द्युमणिर्मार्तण्डोऽर्को महाधिपः इनः सूर्य्यस्तमोध्वांतस्तिमिरारिर्विरोचनः । इति धनञ्जयना-

ममालायाम्" । "शुभमणिस्तरणिर्मित्रश्चित्रभानुर्विरोचन इत्यमरः" विरोचन एव वैरोचनः सूर्यः । स इव प्रकाशोऽतिप्रसिद्धो, जगद्विख्यातो ज्ञातपुत्र–महावीरप्रभुरित्यर्थः) "प्रकाशोऽतिप्रसिद्धेऽपीत्यमरः" । अथवा सः प्रभुर्ज्ञानातपने महान् इति । "प्रकाशोद्योत आतप इत्यमरः ।" ॥ ६ ॥

अन्वयार्थ—[से] वे भगवान् [भूइपण्णे] अनन्त बुद्धिमान् [अणिए अचारी] विचरते समय प्रतिबन्ध रहित [ओहंतरे] संसार समुद्रसे पार होनेवाले [धीरे] धैर्यवान् [अणंतचक्खु] अनन्तज्ञानवान् [अणुत्तरं] सबसे अधिक पवित्र-श्रेष्ठ [तप्पति] तपश्चरण करनेवाले [सूरिए व] सूर्यके समान तथा [वइरोयणिंदे व] वैरोचन नामक अग्नि के सदृश [तमं] अज्ञानान्धकारको नष्ट करके [पगासे] ज्ञानद्वारा तत्वोंको प्रकाशित करते थे ॥ ६ ॥

भावार्थ—भगवान् महावीरकी प्रज्ञा संसारका मंगल कल्याण एवं रक्षा करनेवाली थी, उनका भ्रमण अप्रतिबद्ध था, क्योंकि वे सर्वथा परिग्रहसे रहित थे, उनका चरित्र संसार समुद्रसे पार करनेवाला था, परिषह-शत्रुओंका आक्रमण समान भावसे सहन करते थे, इसीसे धीर एवं धी-बुद्धिसे राजित-शोभित थे, अनन्त ज्ञेय पदार्थोंके ज्ञाता थे, इसीकारण अनन्त ज्ञान सहित थे, विश्वमें सबसे अधिक तप करते थे, और जिसप्रकार सूर्य अन्धकारको नष्ट करता है अथवा वैरोचन नामक अग्निके जलनेसे अन्धकार या काष्ठका नाश होता है उसी प्रकार महावीर भगवान् भी अज्ञान अन्धकार या कर्मकाष्ठके नाशक थे ॥ ६ ॥

भाषा-टीका—वीर भगवान्का ज्ञान चौथी भूमिकासे बढकर अनन्त-वृद्धिको प्राप्त होगया। यह अनन्तज्ञानमय ऐश्वर्य सर्वथा घातिया कर्म क्षयकरनेपर ही मिला। तब संसारके लिए आप मंगलभूत और रक्षक बने तथा आपका वायुके समान अप्रतिबद्ध विचरणथा। आपने संसारके समुद्रको पार किया। उपदेश दान देकर औरोंको भी जन्म मरणसे मुक्त कर दिया, जिससे कहा जा सकता है कि–कर्मके समीपसे आप पार हुए। परिषह और उपसर्ग सहते समय किसी प्रकारका क्षोभ न होनेसे आप धीर थे। इसीके बाद आप अनन्त चक्षुवाले कहलाए। जिस तरह सूर्य उत्कृष्ट तापसे तपता है

उसी तरह महावीर भगवान्भी ज्ञानकी अनन्तताकी अपेक्षा सर्व्वोत्कृष्ट थे। उस ज्ञानसे भगवान् जनताके अज्ञानांधकारको अपहरण करके यथार्थ रीतिसे ज्ञानका आविर्भाव-प्रकट करनेवालोंमेंसे थे। प्रभुने अग्निकी तरह कर्म रूप इंधनको भी जलाकर अनन्त संसारकी अज्ञान आत्माओंको प्रकट रीतिसे परिशुद्ध किया। और सूर्यकी सदृश भगवान् महावीर प्रभु अखिल विश्वमें अद्वितीय प्रसिद्धि प्राप्त महापुरुष थे। अधिकतर संसारमें उनदिनों प्रभुकी ज्ञान-कान्ति ही सब ओर चमक रही थी ॥ ६ ॥

गुजराती अनुवाद—वीर परमात्मानुं ज्ञान चोथी भूमिकाथी वधीने अनन्तताने प्राप्त थयुं, कर्मोनो क्षय थवाथी भगवान् अनन्तज्ञानवाळा थया, त्यारे संसारना मंगळ समान तेमज रक्षक तेओ थया, वायु समान अप्रतिबंध विहारी, संसार समुद्रने तारनार भगवान् हता, बीजाओने उपदेश दान करीने जन्म मरणथी मुक्त करावनार हता, परिषह तेमज उपसर्ग सहती वखते आपने कोई पण प्रकारनो क्षोभ न थवाना कारणे धीरजवान्, अनन्तज्ञानरूप चक्षुवाळा, तथा सूर्य जेम सर्वथी अधिक तपे छे, तेम प्रभु ज्ञाने करी सर्वोत्तम छे, विरोचन अग्नि जेम मळवाथी प्रकाश करे तथा इन्द्रनी पेठे अन्धकारने दूर करी प्रकाश करे छे, तेम श्रीमहावीर देव पण अज्ञानरूप अन्धकार दूर करी प्रकाश करे छे, अग्निनी माफक कर्मरूप इंधणने बाळी अनन्त संसारना अज्ञान आत्माओने प्रगट रीते परिशुद्ध कर्या, अने सूर्यनी पेठे प्रभु अखिल विश्वमां अद्वितीय प्रसिद्धिने पामेल महापुरुष हता, ते दिवसोमां प्रभुनी ज्ञान-कान्ति अधिकतर प्रकाशती हती ॥ ६ ॥

मूल

अणुत्तरं धम्ममिणं जिणाणं,
णेया मुणी कासव आसुपण्णे;
इंदेव देवाण महाणुभावे,
सहस्सणेता दिवि णं विसिट्ठे ॥ ७ ॥

संस्कृतच्छाया

अनुत्तरं धर्म्ममिमं जिनानां, नेता मुनिः काश्यप आशुप्रज्ञः।
इन्द्र इव देवानां महानुभावः सहस्रनेता दिवि विशिष्टः ॥ ७ ॥

सं० टीका—अनुत्तरं० इति—अनुत्तरमुत्कृष्टं प्रधानं धर्मं जैनानामृषभादितीर्थकृतां सम्बन्ध्ययं 'मुनिः, 'मनेरुच्चेत्युणादिसूत्रेणे त्यये कृते चोपधोत्वे जाते 'मुनि'रिति सिद्धं, परंन्त्वत्र लघूपधगुणाशः प्राप्तस्तथापि तपरोच्चारणासामर्थ्यात् किदित्यनुवर्तनाच्च न भवतीति भावः' । "वाचं यमो मुनिरित्यमरः" । "मुनिर्भिक्षुश्च संयमीति, जैनः" । श्रीज्ञातपुत्रमहावीराख्यः सुमुनिः, काश्यपो=गोत्रेण, आशुज्ञः=केवलज्ञानी उत्पन्नदिव्यज्ञान इत्यर्थः । नेता,=प्रणेता चतुर्विधस्य संघस्य धर्मप्रणेता, चतुष्प्रकारधर्मोपदेष्टा दानशीलतपोभावभेदाद्वा । अथवा साधुसाध्वीश्राद्धश्राविकारूपचतुर्विधसंघस्य प्रभुत्वादपि नेता=नायकः । ताच्छीलिकस्तृन् । "अधिभूर्नायको नेता प्रभुः परिवृढोऽधिपः" इत्यमरः । धर्ममित्यत्र कर्मणि द्वितीयैव । ताच्छीलिकस्तृन् प्रयोगे 'न लोकाव्ययनिष्ठेत्यादिना षष्ठीप्रतिषेधात् । यथेन्द्रो दिवि=देवलोके=स्वर्गे महानुभावो महाप्रभावः । एवमेव याथातथ्येन सम्यक्प्रकारेण अखिलद्रव्यपदार्थनिश्चयकर्ता महावीर इति । "अनुभावः प्रभावे च सतां च मतिनिश्चय इत्यमरः" । प्राकृतशैल्या णमिति वाक्यालंकारार्थे । सहस्रनेत्रो=विलक्षणसहस्रनयनयुक्तोऽसाविन्द्रः । विशिष्टो रूपबलवर्णादिकैर्विशिष्टो युक्तो हि प्रधानस्तथैव भगवानपि सर्वेभ्योऽपि विशिष्टः प्रणायको महानुभावश्चेति सर्वं पूर्ववृत्तान्तं संयोज्यमिति भावः ॥ ७ ॥

अन्वयार्थ—[जिणाणं] जिन भगवान्के [इणं] इस [अणुत्तरं] सबें श्रेष्ठ [धम्मं] धर्मके [णेया] नेता [मुणि] मुनि [कासव] काश्यपगोत्रीय [महाणुभावे] महाप्रभावशाली भगवान् महावीर [दिवि] स्वर्गमें [सहस्स] हजारों [देवाण] देव समूहके [इंदे व] इन्द्रके समान [विसिट्ठे] रूप और गुण आदिमें सबसे उत्तम और प्रधान [णेता] नेता अर्थात् संपूर्ण ज्ञानयुक्त ईश्वर थे ॥ ७ ॥

आत्माने माटे उत्तम मार्ग बतावनार हता, ते धर्म ऋषभादि २३ तीर्थंकरोए बतावेल धर्मथी भिन्न न हतो, देश कालने अनुसार संशोधन अवश्य करेलुं हतुं, पण तेओ जैनधर्मना आदि प्रवर्तक न हता, ते प्रभु काश्यप गोत्रीय क्षत्रियोमांनी विमल विभूति हता, दिव्य ज्ञान प्राप्त करीने चतुर्विध संघने धर्म पथ बतावनार होवाथी तेओ नेता पण हता, कारणके संघने तेओएज ज्ञान-दर्शन-चारित्र-अहिंसा-सत्य-तप-त्याग-संयमादिमां प्रवृत्त कर्यो हतो, संसारना कल्याणार्थे तेओए संघने दान-शील-तप-भाव एम धर्मना चार भेद बताव्या, साधु-साध्वी-श्रावक-श्राविकारूप संघनी स्थापना करीने तेओए तेमने संगठननी परम शक्तिनुं तत्व बताव्युं हतुं, देवलोकने विषे इन्द्र जेम देवोमां महाप्रभावान्, हजारो देवोनो नायक अने सर्वोत्तम छे, तेम पदार्थ विज्ञाननो निश्चय प्रगट करवावाळा तत्ववेत्ताओमां महावीरप्रभु ऐश्वर्यशाळी हता, संसार अने मोक्ष तेमज सारभूत तत्वोने प्रगट करवामां प्रखर प्रकाशक हता। सात तत्व-नव पदार्थ आदि महान् तेमज गंभीर पदार्थोनो सरळ आशय निपुणताथी जनतामां तेओए प्रगट कर्यो हतो। जे तरफ इन्द्रनी दृष्टि रहे छे, तेज तरफ तेना ५०० प्रधानोनी नजर पण रहे छे, तेज रीते अनेकान्त पर तेओनी दृष्टि हती। तेज मार्गनुं संसारे पण अनुसरण कर्युं। जेथी तेओ पण सहस्रनेत्र गणाया। रूप-बल-वर्ण-वीर्य विगेरेमां तेओ सर्वोत्तम हता। मुनिगणरूपी ताराओमां तेओ मुनिचन्द्ररूप ईश्वर हता ॥ ७ ॥

मूल

से पन्नया अक्खयसागरे वा,
महोदही वा वि अणंतपारे।
अणाइले वा अकसायी मुक्के,
सक्केव देवाहिवई जुईमं ॥ ८ ॥

संस्कृतच्छाया

स प्रज्ञयाऽक्षयसागरो वा, महोदधिरिव अनन्तपारः।
अनाविलो वा अकषायी मुक्तः, शक्र इव देवाधिपतिर्द्युतिमान् ॥८॥

सं० टीका—स इति, पुनरसौ भगवान् प्रज्ञयाऽक्षयोऽक्षीणज्ञानः, प्रज्ञायते अनयेति प्रज्ञा तयाऽक्षयो, ज्ञातव्येऽर्थे तस्य बुद्धिर्न प्रक्षीयते

न प्रतिहन्यते चेति, "बुद्धिर्मनीषा धिषणा धीः प्रज्ञेत्यमरः" । अथवा तस्य बुद्धि केवलज्ञानाख्या सा साधनन्ता–साद्यपर्यवसाना कालतो, द्रव्यक्षेत्रभावापेक्षयाऽप्यनन्ता तयाऽक्षयः, यथा सागरो महोदधिः स्वयंभूरमणः समुद्रः स इवानन्तपारः। यथासौ विस्तीर्णो गंभीरजलोऽक्षोभ्यस्तथैव तस्य भगवतो विस्तीर्णा प्रज्ञाऽनन्तप्रज्ञा, स्वयंभूरमणसमुद्रादनन्तगुणितो गंभीरोऽक्षोभ्यश्च, अनाविलोऽकलुषजलः, "कलुषोऽनच्छ आविल इत्यमरः" । नाविलोऽनाविलो निर्मलस्तथैव कर्मलेशाभावादकलुषज्ञानो निर्मलज्ञान इति । न कषायी-अकषायी ज्ञानावरणीयादिकर्मबन्धनवियुक्तत्वात् । मुक्तः कर्मरहितोऽपुनरावृत्ति प्राप्तः। सर्वलोके पूज्यत्वेऽपि, निश्शेषान्तरायक्षयेऽपि निरवद्यभिक्षामात्रोपजीवित्वाद्भिक्षुः। पुनश्च स ज्ञातपुत्रीयो महावीरो भगवान् दीप्तिमान्, शक्र इव देवाधिपतिरिव कान्तिमानिति, "शक्र इन्द्रः सुनासीरः शतक्रतुरिति धनञ्जयः"। "जिष्णुर्लेखर्षभः शक्र इत्यमरः" ॥ ८॥

अन्वयार्थ—[से] वे भगवान् महावीर [पन्नया] बुद्धिकी अपेक्षा अनन्तपारवाले तथा [अणाइले] पवित्र जलसे भरपूर [महोदहीवाविं] स्वयम्भूरमण समुद्रकी तरह [अक्खयसायरे] अक्षीण समुद्र थे तथा [अकसाइ] चार कषायसे रहित [मुक्के] आठ कर्मोंसे रहित [देवाहिवइ] असंख्य देवोंके अधिपति [सक्केव] इन्द्रकी तरह [जुइमं] दीप्तिमान्-चमकीले थे ॥ ८॥

भावार्थ—भगवानको किसी अन्य पदार्थसे उपमा न दी जा सकनेके कारण समुद्रसे हि एक देशीय उपमा दी गई है। अर्थात् जिसप्रकार स्वयंभूरमणसमुद्र अनन्तपार युक्त है उसी प्रकार भगवान् भी द्रव्य क्षेत्र-काल और भावकी अपेक्षा अनन्त ज्ञानवान् थे, समुद्रके निर्मल जलके समान उनका ज्ञान भी स्पष्ट और आवरण रहित था, इसी प्रकार कषायसे रहित तथा आठ कर्मोंके बंधसे मुक्त थे, जैसे इन्द्रका प्रभाव देवोंपर होताहै उसी प्रकार प्रभुका प्रभाव भी प्राणीमात्र पर था ॥ ८॥

भाषा-टीका—प्रभुका ज्ञान कोष अक्षय था, क्योंकि उनकी बुद्धि भी केवलज्ञानरूपा थी। जो कि आदि-अनन्त थी। जिसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकी पूर्ण अनन्तता थी। विस्तीर्ण और स्वच्छ तथा गंभीर स्वयम्भूरमण समुद्र की सदृश प्रभु गंभीर तथा अक्षोभ्य और पवित्र गुणोंमें उससे भी अनन्तगुण अधिक थे। आपका अनुभव, विचार तथा ज्ञान जल अनाविल-यानी कालुष्यता-पूर्वापर विरोधरहित था, जिसमें कर्म मलका लेश कोई खोजेसे भी न पा सके। ज्ञानावरणीयादिक आठ कर्म-बन्धनसे रहित होनेके कारण आपमें कषाय कहां हो। इसीसे आप जीवन मुक्त थे। आप तीनों लोकोंके पूज्य होने पर भी निरवद्य भिक्षा लेते। आप शूरवीर शक्रेंद्रकी तरह द्युतिमान् और प्रतापी—महापुरुष थे। और यह बात विश्व विख्यात थी ॥ ८ ॥

गुजराती अनुवाद—प्रभुनो ज्ञान भण्डार अखूट हतो, कारणके तेमनी बुद्धि पण केवलज्ञान रूपे हती, जे सादि-अनन्त हती। जेम स्वयंभूरमण नामे मोटो समुद्र अनन्त-अपार अने निर्मल जलवाळो छे, तेमज प्रभु गंभीर-अक्षोभ्य-अने पवित्र गुणोमां तेनाथी पण अनन्तगणा अधिक हता। तेओनुं अनुभव-विचार तथा ज्ञान जल अत्यन्त निर्मल हतुं। शोधवा छतां पण कर्म-रूप मेल तेमां मळी शके नहि। ज्ञानावरणीयादिक कर्मबन्धनथी रहित थवाने कारणे तेओ अकषायी=कषाय रहित हता। तेथी आप जीवन्मुक्त हता, त्रिलोक पूज्य होवा छतां आप निरवद्य भिक्षाए आजीविका करनार हता। देवोना स्वामी शक्रेन्द्रनी पेठे तेओ तेजस्वी तथा अनन्त प्रतापी अने महापुरुष हता ॥ ८ ॥

मूल

से वीरिएणं पडिपुण्णवीरिए,
सुदंसणे वा णगसव्वसेट्ठे।
सुरालएवासि मुदागरे से,
विरायए णेगगुणोववेए ॥ ९ ॥

संस्कृतच्छाया

स वीर्येण प्रतिपूर्णवीर्यः, सुदर्शन इव नगसर्वश्रेष्ठः।
सुरालयवासिमुदाकरः स, विराजतेऽनेकगुणोपपेतः ॥ ९ ॥

सं० टीका—स इति, वीर्यान्तरायस्य निःशेषतः क्षीणत्वात् स भगवान् वीरो वीर्येणौरसेन धृतसंहननादिबलेन प्रतिपूर्णवीर्यः, अनन्तशक्तिमानित्यर्थः । अथवोत्कर्षवत्तया प्रतिपूर्णप्रभाववान् अथवा सर्वशक्तिमान् । "सर्वीर्यमतिशक्तिभाक्" इति । "वीर्यं बले प्रभावे चेत्यमरः" । नगानां पर्वतानां मध्ये यथा, "शैलवृक्षौ नगावगावित्यमरः" "नगः शिलोच्चयोऽद्रिश्च शिखरीति धनंजयः" । सुदर्शनो मेरुः केवलकल्प्यजम्बूद्वीपमध्ये श्रेष्ठस्तथैव गुणैर्भगवान् श्रेष्ठः । यथा सुरालयः स्वर्गस्तन्निवासिनां देवानां मुदाकरो हर्षकर आनन्दजनको मनोऽनोकूलवर्णगंधरसस्पर्शप्रभावादिगुणै राजते । एवं भगवानप्यनन्तगुणैः शोभते, विराजतेऽनेकैर्गुणैरुपेतो भगवान् वीर इति ॥ ९ ॥

अन्वयार्थ—[से] वे भगवान् [वीरिएण] बल-वीर्यसे [पडिपुण्णवीरिए] प्रतिपूर्ण शक्तिवाले थे, तथा [वा] जिसप्रकार [सुदंसणे] सुमेरु पर्वत [णगसव्वसेट्ठे] सब पहाडोंमें अवलोकनीय और महान् एवं श्रेष्ठ है, उसी प्रकार महावीर प्रभु भी सर्वश्रेष्ठ थे, और सुमेरु पर्वत जिसप्रकार [सुरालए-वासिमुदागरे] देवोंको प्रसन्नता उत्पादक होता है उसी प्रकार भगवान् सब प्राणीवर्गकेलिए हर्षदायक थे, तथा जैसे सुमेरु [णेगगुणोववेए] अनेक गुणोंसे शोभित है वैसेही भगवान् भी अनन्त उत्तमोत्तम गुणोंसे समलङ्कृत थे ॥ ९ ॥

भावार्थ—*भगवान्का वीर्यान्तराय कर्म बिल्कुल नष्ट हो गया था, अतएव उनमें अनन्तवीर्य-अनन्त बलका प्रादुर्भाव हो गया था, जैसे सुमेरु-पर्वत सब पहाडोंमें श्रेष्ठ है उच्च है उसी प्रकार भगवान् भी शक्ति आदि गुणोंमें उच्च और सर्वश्रेष्ठ थे। तथा जिस प्रकार स्वर्ग देवोंकेलिए हर्षोत्पादक है उसी प्रकार सुमेरु भी हर्ष जनक है वैसे ही भगवान् भी प्राणीमात्रकेलिए हर्षको उत्पन्न करनेवाले थे। सुमेरु जैसे अनेक गुणोंसे—सुनहरी रंग और चन्दनादि गन्ध तथा उत्तम फलोंसे शोभित होता है, भगवान् भी ज्ञान-शक्ति-सुखादि गुणोंसे विराजमान थे ॥ ९ ॥*

भाषा-टीका—वीर्यान्तरायका सर्वथा क्षय होनेसे भगवान् अनन्त शक्तिमान् और, धैर्य, शौर्य, सहिष्णुतादि शारीरिक बलसे बलिष्ठ थे,

प्रतिष्ठाशालिओं में भगवान् अद्वितीय प्रभाववाले थे। जहां जीवोंको केवलज्ञान प्राप्त होता है उस जम्बूद्वीपके मध्यमें जिस प्रकार सुमेरु पर्व्वत दृढ, अचल, और श्रेष्ठ है इसी प्रकार प्रभुकी वाणी भी अनेकान्त रूप सकल श्रेष्ठ है तथा वे स्वयं भी पर्व्वतकी तरह दृढ थे। सुमेरुपर्वत स्वर्गवासिओंको बडा सुहावना लगता है और हर्ष पैदा करता है इसी भान्ति प्रभु भी ज्ञान, दर्शन, सुख और शक्ति आदिक अनन्त गुणोंसे युक्त और भव्य आत्माओंके लिए अनुपम आनन्ददायक थे ॥ ९ ॥

गुजराती अनुवाद—वीर्यान्तरायनो सर्वथा नाश थवाथी भगवान् अनन्त-शक्तिमान् हता, तेमज धैर्य-शौर्य-सहिष्णुतादि शारीरिक बले करी प्रतिपूर्ण बलवान् हता। प्रतिष्ठा शालिओमां भगवान् अद्वितीय प्रभाव वाळा हता, ज्यां जीवोने केवलज्ञान प्राप्त थाय छे ते जंबूद्वीपमां मेरु पर्वत जेम दृढ-अचल-अने श्रेष्ठ छे, तेम भगवान् पण वीर्यादिक गुणे करी श्रेष्ठ तथा दृढ हता। मेरु पर्वत जेम स्वर्गवासी देवोने हर्ष उत्पन्न करे छे तथा अनेक गुणोए करी शोभित छे, तेमज प्रभु पण ज्ञान-दर्शन-सुख अने शक्ति आदिक अनन्त गुणोए करी शोभे छे, तेमज भव्यात्माओने आनन्द प्रद छे ॥ ९ ॥

मूल

सयं सहस्साण उ जोयणाणं,
तिकंडगे पंडगवेजयंते।
से जोयणे णवणवति सहस्से,
उद्धुस्सितो हेट्ठ सहस्समेगं ॥ १० ॥

संस्कृतच्छाया

शतं सहस्राणां तु योजनानाम्, त्रिकण्डकः पण्डकवैजयन्तः।
स योजने नवनवतिसहस्रे ऊर्ध्वोच्छ्रितोऽधः सहस्रमेकम् ॥१०॥

सं० टीका—पुनश्चापि मेरुवर्णनायाह, 'सयं इति,' स सुमेरुर्यो-जनसहस्राणां शतमुच्छ्रितोऽस्ति "मेरुः सुमेरुर्हेमाद्रिः रत्नसानुः सुरालयः इत्यमरः।" तथा त्रीणि कण्डकानि यस्य स त्रिकण्डकः। भौमं-

जाम्बूनदं–वैदूर्यं चेति भेदात् । स किं भूतः, पण्डकवैजयन्तः,=पण्ड-कवनं शिरसि व्यवसितं, वैजयन्तीकल्पं पताकाभूतं यस्य स तथोक्तः । "पताका वैजयन्ती स्यात्केतनं ध्वजमस्त्रियामित्यमरः" । असौ मेरुर्नवनवतिसहस्रे योजने ऊर्ध्वोच्छ्रितः=भूतलादुपरि प्रवृद्ध उन्नतो वा "उच्चप्रांशून्नतोदग्रोच्छ्रितास्तुङ्ग" इति, "जातोन्नद्ध प्रवृद्धाः स्युरुच्छ्रिता इति चामरः" । अधः=भूमेरधस्तादेशे एकं सहस्रं योजनमवगाढ इत्यर्थः । एकसहस्रोनलक्षयोजनं पृथिवीत ऊर्ध्वे, सहस्रमेकं च योजनं भूमाविति भावः ॥ १० ॥

अन्वयार्थ—[से] वह सुमेरु पर्वत [सयं सहस्साण] एक लाख [जोयणाणं] योजनका है, [तिकंडगे] उसके तीन भाग हैं, [पंडगवेजयंते] पाण्डुक वन जिसकी ध्वजाके समान है, तथा [णवणवते] ९९ निनानवे [सहस्से] हजार [जोयणे] योजन [उद्धुस्सिते] ऊंचा है, और [एगं] एक [सहस्स] हजार योजन [हेट्ठं] बुनियादमें नीचा है ॥ १० ॥

भावार्थ—इस गाथामें भगवानकी उपमा भूत सुमेरुगिरिका वर्णन किया है, सुमेरु एक लाख योजन ऊंचा है, निनानवे हजार योजन जमीनसे ऊपर तथा एक हजार योजन जमीनमें है, इसके तीन कंडक–भाग हैं, उन तीन खण्डिकाओंमें सबसे ऊपरकी खण्डिका पर पाण्डुक वन है । और मानो वह ध्वजाकी तरह जान पड़ता है, जिसप्रकार यह सुमेरु पर्वत तीनों लोकोंमें व्याप्त है उसी भांति भगवानके भी ज्ञान-दर्शन-चरित्रादि गुण समस्त लोकालोकमें व्याप्त हैं ॥ १० ॥

भाषा-टीका—वह सुमेरु पर्वत ऊंचाईमें एक लाख योजन है, जिसके तीन काण्ड–भाग हैं । जिनके क्रमसे भौम-जाम्बूनद-वैदूर्य नाम हैं । उस पर पण्डकवन उंचाईमें सबसे अधिक होनेके कारण सुन्दर ध्वजाकी तरह उसकी सुशोभाको और भी बढ़ाकर मानो चार चांद लगा रहा है । जिस मेरुकी जड़ जमीनमें १००० योजन तक पाई जाती है। और वह ९९००० योजन पृथ्वीके ऊपरी भागमें आकाशकी चोटीकी तरह शोभित है । उसके तीनों भाग तीनों लोकोंमें अवकाश पाए हुए हैं । इसी तरह प्रभुके कथन किए हुए तीनों रत्न

सुमेरु की भांति विशाल और महान् हैं, तथा तीनों लोकके भव्यप्राणिओंके मन-वचन-काय योगमें समाविष्ट-ओत-प्रोत हैं॥ १० ॥

गुजराती अनुवाद—ते मेरु पर्वत उंचाइमां एक लाख योजननो छे, तेना एक भूमिमय, बीजो सुवर्ण मय अने त्रीजो वैडूर्य रत्न मय एवा त्रण कांड (भाग) छे, तथा ते मेरु पर्वतनी टोच ऊपर पंडग वन ध्वजानी माफक शोभी रह्युं छे। ते मेरु पर्वत नवाणुं हजार योजन ऊंचो अने एक हजार योजन नीचे जमीनमा छे। तेना त्रणे भाग त्रणे लोकमां अवकाश प्राप्त छे। तेवीज रीते प्रभुना बतावेला ज्ञान-दर्शन-चारित्र रूपी त्रणे रत्न सुमेरुनी पेठे विशाल छे, अने त्रणे लोकना भव्योना मन-वचन-काय मां सम्पूर्ण रीतिथी समाविष्ट छे ॥ १० ॥

मूल

पुट्ठे णभे चिट्ठइ भूमिवट्ठिए,
जं सूरिया अणुपरिवट्टयंति।
से हेमवन्ने बहुनंदणे य,
जंसि रइं वेदयती महिंदा ॥ ११ ॥

संस्कृतच्छाया

स्पृष्टो नभसि तिष्ठति भूम्यवस्थितः,
यं सूर्याः अनुपरिवर्तयन्ति।
स हेमवर्णो बहुनन्दनश्च,
यस्मिन् रतिं वेदयन्ति महेन्द्राः ॥ ११ ॥

श्रुतज्ञाः ॥ यो जीवानां जनकसदृशः सत्यवाग्दत्तभोजी, सप्रेमस्त्रीनयनविशिखाभिन्नचित्तः स्थिरात्मा, द्वेधा ग्रन्थादुपरममना सर्वथा निर्जिताक्षो, दातुं पात्रं व्रतपतिममुं वर्यमाहुर्जिनेन्द्राः ॥ यद्वत्तोयं निपतति घनादेकरूपं रसेन, प्राप्याधारं सगुणमगुणं याति नानाविधित्वम् । तद्वद्दानं सफलमफलं प्राप्यमप्येति गत्वा, देयं दानं समयमभृता सयताना यतीनाम् ॥ यद्वत्क्षिप्तं गलति सकलं छिद्रयुक्ते घटेऽम्भस्त्रिकालवून्निहितमहितं जायते दुग्धमयम् । आमामत्रे रचयति निशां तस्य नाशं च याति, तद्वद्दत्तं विगततपसे केवलं ध्वंसमेति ॥ शश्वच्छीलव्रतविरहिताः क्रोधलोभादिवन्तो, नानारम्भप्रहितमनसो ये मदमन्थशक्ताः । ते दातारं कथमसुखतो रक्षितुं सन्ति शक्ता, नावा लोहं न हि जलनिधेस्तार्यते लोहमय्या ॥ क्षेत्रद्रव्यप्रभृतिसमयान् वीक्ष्य बीजं यथोसं, दत्ते सस्यं विपुलममलं चारुसंस्कारयोगात् । दत्तं पात्रे गुणयति तथा दानमुक्तं फलाय, सामग्रीतो भवति हि जने सर्व्वकार्यप्रसिद्धिः ॥ नानादुःखव्यसननिपुणाशाशिनोऽतृप्तिहेतुः, कर्म्मारातिप्रचयनपरांस्तत्त्वतो वेत्त्वभोगान् । भुक्त्वाकाक्षां विषयविषयां कर्म्मनिर्नाशनेच्छो, दद्याद्दानं प्रगुणमनसा संयतायापि विद्वान् ॥ यस्मै गत्वा विषयमपर दीयते पुण्यवृद्धि., पात्रे तस्मिन् गृहमुपगते सयमाधारभूते ॥ नो यो मूढो वितरति धने विद्यमानेऽप्यनल्पे, तेनात्मात्र स्वयमपधिया वञ्चितो मानवेन ॥ दीर्घायुष्कः शशिसितयशोव्याप्तदिक्चक्रवालः, सद्विद्याश्रीकुलबलधनप्रीतिकीर्तिप्रतापः । शूरो धीरः स्थिरतरमना निर्भयश्चारुरूपस्त्यागी भोगी भवति भविनां देहभीतिप्रदायी । कर्म्मारण्यं दहति शिखिवन्मात्रूपत्वादिदुःखात्सम्यक्नीतिं वदति गुरुवत्स्वाम्मिवद्धिभर्ति । तत्त्वातत्त्वप्रकटनपटुस्पष्टमाप्नोति पूतं; तत्सज्ञानं विगलितमलं ज्ञानदानेन मर्त्यः ॥ दाता भोक्ता बहुधनयुतः सर्व्वसत्वानुकम्पी, सत्सौभाग्यो मधुरवचनः कामरूपातिशायी; शश्वद्भक्त्या बुधजनशतैः सेवनीयाङ्घ्रियुग्मो; मर्त्यः प्राज्ञो व्यपगतमदो जायतेऽन्नस्य दानात् ॥ रोगैर्वातप्रभृतिजनितैर्वा-हृभिर्नाम्बुमध्यः सर्व्वाङ्गीणव्यथनपटुभिर्बाधितुं नो स शक्यः । आजन्मान्तः परमसुखिनां जायते चौषधाना, दाता यो निर्भरकुलवपु.स्थानकान्तिप्रतापः ॥ दत्वा दानं जिनमतरुचिः कर्मनिर्नाशनाय, भुक्त्वा भोगांस्त्रिदशवसती दिव्यनारीमनाथः मर्त्यावासे वरकुलवपुर्जैनधर्मं विधाय, हत्वा कर्म्म स्थिरतरमिपुं मुक्तिसौख्यं प्रयाति ॥

यतः

"यथा मम प्रियाः प्राणास्तथाऽन्यस्यापि देहिनः ।
इति मत्वा न कर्तव्यो, घोरप्राणिवधो बुधैः ॥"

अन्यच्च—

"अहिंसा परमो धर्मो, हिंसा सर्वत्र निन्दिता"

इति श्लोकमर्धमभ्यस्य स्वमनसि सदैव दयैव धारणीया, यदि कोऽपि लोभावेशेन रसनातृप्तये धनार्जनाशया विजयाभिलाषेण च आमोदप्रमोदार्थं जन्तून्निहन्यात्तदा तेषां नरकपतनमवश्यं भावि । पातञ्जलयोगदर्शनादावपि चाहिंसायामेव प्रमुखत्वम्, यथाह—

"अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः"

अहिंसा-सत्यमित्यादियमास्तेषां मध्येऽहिंसैव प्राथमिकी;

पुनश्च—

"वितर्कबाधने प्रतिपक्षभावनम्"

वितर्का हिंसादयः कृतकारितानुमोदिता लोभक्रोधमोहपूर्वका मृदु-मध्याधिमात्रा दुःखाज्ञानानन्तफला इति प्रतिपक्षभावनम् ।

तथा चान्यदपि—

"अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सन्निधाने वैरत्यागः ।" तद्विपक्षिणी हिंसा तस्य लक्षणं यथा—

"प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा"

प्रमत्तो यः कायवाङ्मनोयोगैः प्राणव्यपरोपणं करोति सा हिंसा । हिंसा, मारणं, प्राणातिपातः, प्राणवधो, देहान्तरसंक्रामणं, प्राणव्यपरोपणमित्यनर्थान्तरम् । न हिंसाऽहिंसा । इति तत्वार्थसूत्रम्, तथा च योगसूत्रस्य व्यासकृतभाष्येऽपि 'तत्राऽहिंसा सर्वथा सर्वदा सर्वभूतानामभिद्रोहः ।'

तथैव याज्ञवल्क्यसंहितायाम्—

"कर्मणा मनसा वाचा, सर्वभूतेषु सर्वदा,
अक्लेशजनन प्रोक्तमहिंसत्वेन योगिभि ।"

तथा स्मृतावाचाराध्याये—

"अहिंसा सत्यमस्तेय शौचमिन्द्रियनिग्रह ।
दान दया दम शान्ति , सर्वेषा धर्मसाधनम् ॥

"मा हिंसी× पुरुष जगदिति" यजुर्वेदसंहिताया षोडशोऽध्याय-
स्तृतीयमन्त्रः ।

मा हिंस्याद् सर्वाभूतानीति 'शतपथे' ।

तथा च मनुः—पंचमाध्याये

"योऽहिंसकानि भूतानि, हिनस्त्यात्महितेच्छया,
स जीवँश्च मृतश्चैव, न कचित्सुखमेधते" ॥ ४५ ॥

पुनश्च मनुः—

"धृति क्षमा दमोऽस्तेय शौचमिन्द्रियनिग्रह ।
अहिंसा सत्यमक्रोधो, दशक धर्मलक्षणम् ॥"

तथा च महाभारते—

"अहिंसा परमो धर्मो हिंसाऽधर्मस्तथाविध ।
सत्य तेऽह प्रवक्ष्यामि, यो धर्म सत्यवादिनाम् ॥"

धर्मिजनानामुत्कृष्टं आधर्मिकं धर्मन्त्वहिंसैवेति यथा—

"अहिंसा परमो धर्मस्तथाऽहिंसा परो दम ।
अहिंसा परम दानमहिंसा परम तप ॥"

"अहिंसा परमो यज्ञस्तथाऽहिंसा परं फलम् ।
अहिंसा परम मित्रमहिंसा परम सुखम् ॥"

"सर्वयज्ञेषु वा दानं, सर्वतीर्थेषु वा स्तुतम् ।
सर्वदानफलं वापि, नैव तुल्यमहिंसया ॥"

तथाहि नियमसारे—

कुलजोणिजीवमग्गण-ठाणाइसु जाणऊण जीवाणं ।
तस्सारंभनियत्तणपरिणामो होइ पढमवदं ॥ ५६ ॥
कुलयोनिजीवमार्गणास्थानेषु ज्ञात्वा जीवानाम् ।
तस्यारंभनिवृत्तिपरिणामो भवति प्रथमव्रतम् ॥ ५६ ॥

कुलविकल्पो योनिविकल्पश्च जीवमार्गणस्थानविकल्पाश्च प्रागेव प्रतिपादितास्तत्रैव तेषां भेदान् बुध्वा तद्रक्षापरिणतिरेव भवत्यहिंसा । तेषां मृतिर्भवतु वा न वा, प्रयत्नपरिणाममन्तरेण सावद्यपरिहारो नास्ति । अतः प्रयत्नपरेऽहिंसाव्रतं भवतीति ।

तथा चोक्तं श्रीसमन्तभद्रस्वामिना—

"अहिंसा भूतानां जगति विदितं ब्रह्म परमं,
न सा तत्रारम्भोऽस्त्यणुरपि च यत्राश्रमविधौ ।
ततस्तत्सिद्ध्यर्थं परमकरुणो ग्रन्थमुभयं,
भवानेवात्याक्षीन्न हि विकृतिवेषोपधिरतः ॥"

मुनीनामहिंसा सर्वथा पालनीया-हिंसायाः फलं दुष्परिणामात्मकं परिजानीहि यथा—

"पङ्गुकुष्ठिकुणित्वादि, दृष्ट्वा हिंसाफलं सुधीः ।
निरागस्त्रसजन्तूनां, हिंसा सङ्कल्पतस्त्यजेत् ॥"
"आत्मवत्सर्वभूतेषु, सुखदुःखे प्रियाप्रिये,
चिन्तयन्नात्मनोऽनिष्टां, हिंसामन्यस्य नाचरेत् ॥"

यदाहुर्लौकिका अपि।

"श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्य्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्॥"

राज्यादधिकं प्राणाः प्रियाः। यथा—

"प्राणी प्राणितलोभेन, यो राज्यमपि मुञ्चति।
तद्वधोत्थमघं सर्वोर्वीदानेऽपि न शाम्यति॥"
"मार्य्यमाणस्य हेमाद्रिं, राज्यं वाऽथ प्रयच्छतु।
तदनिष्टं परित्यज्य, जीवो जीवितुमिच्छति॥"
"दीर्य्यमाणः कुशेनापि, यः स्वांगे हन्त दूयते।
निर्मन्तून् स कथं जन्तूनन्तयेन्निशितायुधैः॥"

तथोक्तं—

"रसातलं यातु यदत्र पौरुषं, क्व नीतिरेषाऽशरणो ह्यदोषवान्;
निहन्यते यद्बलिनातिदुर्बलो, हहा महाकष्टमराजकं जगत्॥"

पुनश्च—"प्रियस्वेत्युच्यमानोऽपि, देही भवति दुःखितः।
मार्य्यमाणः प्रहरणैर्दारुणैः स कथं भवेत्॥"

पुनरपि हिंसकाश्चिन्दति—

"कुणिर्वरं वरं पंगुरशरीरी वरं पुमान्।
अपि सम्पूर्णसर्वांगो, न तु हिंसा परायणः॥"

स्वार्थिकी हिंसाऽपि हानीया, यथा—

"हिंसा विघ्नाय जायेत, विघ्नशान्त्यै कृतापि हि।
कुलाचारधियाऽप्येषा, कृता कुलविनाशिनी॥"
"अपि वंशक्रमायातां, यस्तु हिंसां परित्यजेत्।
स श्रेष्ठः सुलस इव, कालसौकरिकात्मजः॥"

॥ हिंसां कुर्वन्न विशोधयति निजात्मानम् ॥

"दमो देवगुरूपास्तिर्दानमध्ययनं तपः ।
सर्वमप्येतदफलं, हिंसां चेन्न परित्यजेत् ॥"

॥ शास्त्रे सूक्ष्महिंसां धर्मार्थं प्ररूपकोऽपि कुशास्त्रः ॥

"विश्वस्तो मुग्धधीर्लोकः, पात्यते नरकावनौ ।
अहो नृशंसैर्लोभान्धैर्हिंसाशास्त्रोपदेशकैः ॥"

अहिंसामाहात्म्यम्—

"मातेव सर्वभूतानामहिंसा हितकारिणीः ।
अहिंसैव हि संसारमरावमृतसारिणिः ॥"

"अहिंसा दुःखदावाग्निप्रावृषेण्यघनावली ।
भवभ्रमिरुगार्तानामहिंसा परमौषधिः ॥"

अस्याः फलम्

"दीर्घमायुः परं रूपमारोग्यं श्लाघनीयता ।
अहिंसायाः फलं सर्वं, किमन्यत्कामदेव सा ॥"

अत्रान्तरे—

हेमाद्रिः पर्वतानां हरिरमृतभुजां चक्रवर्ती नराणां,
शीतांशुर्ज्योतिषां स्वस्तरुरवनिरुहां चण्डरोचिर्ग्रहाणाम् ॥
सिन्धुस्तोयाशयानां जिनपतिरसुरामर्त्यमर्त्याधिपानां,
यद्वत्तद्वद्व्रतानामधिपतिपदवीं यात्यहिंसा किमन्यत् ॥

अत एव प्राणवियोगानुकूलो व्यापारो हिंसा सर्वशास्त्रे निषिद्धेव । जैनैरपि प्राणिनामतिपातो दुःखं प्राणातिपातो विरतिरूपः सर्वतः साधूनां, देशतः श्रावकाणां चेति भावः । जीवानां जीवनवल्लभत्वात् यथाऽऽह—

"दीयते म्रियमाणस्य, कोटिर्जीवितमेव वा,
धनकोटिं परित्यज्य, जीवो जीवितुमिच्छति ॥"

अत्राभयदानप्रदानप्राधान्यख्यापनार्थमुदाहरणं चेदम् ।

वसन्तपुरेऽरिदमननामा राजाऽऽसीत् स कदाचित्प्रासादस्थो हि चतुर्वधूसमेतश्च क्रीडति स्म । ताभिरपि सस्वकलाभिर्महीपं प्रमोदयित्वा वरो लब्धः । पुनश्च राज्ञीभी राज्ञि स वरो न्यासीकृतः । एकदा कश्चिच्चौरो रक्तश्यामकरवीरकृतमुण्डमालो रक्तपरिधानः महत-वध्यडिण्डिमो राजमार्गेण नीयमानः राजपत्नीभिर्दृष्टो नृपेण सह दृष्ट्वा च पृष्टं, 'किमनेनाकारी'ति तदैकेन राजपुरुषेणावेदितं, यथानेन परद्रव्यापहारेण राजविरुद्धं धर्मविरुद्धं च कर्म कृतं तस्य परिणामस्वरूपो राज्ञा प्राणदण्डो दत्तश्चास्ते, ततस्तन्मध्य एकया महत्या राज्या नृपपार्श्वे पूर्वदत्तो वरो याचित एकदिनं चोरोऽयं मोच्यो, यथाऽहमुपकरोमीति । वरं प्राप्य च भोजनादिना स्वागतं कृत्वा स्वर्णखण्डसहस्रदानैस्तुष्टीकृतः सः । द्वितीयदिने द्वितीयया लक्षधनैः सत्कृतः । तृतीयया कोटिमितैः स्वागतीकृतः । चतुर्थ्या तु राजानुमत्याऽऽमरणाद्रक्षितः । अभयवचनं दापितमभयदानेन ततस्ताश्चामुपहस्यादुः । त्वयास्य किं दत्तम् । तयोक्तं मया यद्दत्तं तत्ताभिरपि न दत्तं । एवं तासां पारस्परिकेऽधिकोपकारविषये विवादे न्यायार्थं राजाऽऽकारितस्ततो राज्ञोपगम्य कलहकारणं पृष्टं, तदा ताभिरावेदितं, अस्माकं मध्ये केनाधिकमुपकृतम् । राज्ञा स एव चोर आहूतः पृष्टश्चेति यथा त्वया-कस्या उपकारोऽमानितः । तेनाऽभाणि, 'चतुर्थ्या मात्राऽभयं दापयित्वा निर्भयः कृतः । अतस्तस्या बहूपकारं मन्ये,' सर्वदानानां मध्येऽभय-दानस्यप्रधानत्वात् ।

तथा च सत्येषु वाक्येषु यदनवद्यं पापरहितं परपीडाऽनुत्पादकं वचनं तच्छ्रेष्ठं वदन्ति । यथाह दशवैकालिके—

"तहेव काणं काणेति, पंडगं पंडगं ति वा
वाहियं वावि रोगित्ति, तेण चोरेति नो वए ।"

तथा च मनुः ।

"सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम् ।
प्रियं तन्नानृतं ब्रूयादिति" ।

एवमेव तत्त्वार्थसूत्रे—

असदभिधानमनृतम् ॥ ९ ॥ ७ ॥

असदिति सद्भावप्रतिषेधोऽर्थान्तरं गर्हा च । तत्र सद्भावप्रतिषेधो नाम सद्भूतनिन्हवोऽभूतोद्भावनं च । तद्यथा नास्त्यात्मा, नास्तिपरलोकः, इत्यादि भूतनिन्हवः । श्यामाकतण्डुलमात्रोऽयमात्मा अंगुष्ठपर्वमात्रोऽयमात्मा, आदित्यवर्णो, निष्क्रिय इत्येवमाद्यमभूतोद्भावनम् । अर्थान्तरं यो गां ब्रवीत्यश्वमश्वं च गामिति । गर्हेति हिंसापारुष्यपैशुन्यादियुक्तं वचः सत्यमपि गर्हितमनृतमेवास्तीति भावः ।

एतन्मध्य एतत्प्रमाणानि—यथा—

"क्रोधलोभमदद्वेषरागमोहादि कारणैः, असत्यस्य परित्यागः सत्याणुव्रतमुच्यते ।" "हासकर्कशपैशुन्यनिष्ठुरादिवचो मुचः । द्वितीयाणुव्रतं पूतं, लभते देहिनः स्थितिम् ॥"

"यद्वदन्ति शठा धर्म्मं, यन्म्लेच्छेष्वपि निन्दितम् ।
वर्जनीयं त्रिधा वाक्यमसत्यं तद्धितोद्यतैः ॥"

पुनर्यत्रासत्यप्रसंगः समजनि तत्र मौनं कार्यं परमसत्यं न वाच्यं, यथा हि सागारधर्मामृते—

"आवश्यके मलक्षेपे, पापकार्ये च वान्तिवत्,
मौनं कुर्वीत शश्वद्वा, भूयो वाग्दोषविच्छिदे।"

मौनमाहात्म्यं यथा—

"सन्तोषं भाव्यते तेन, वैराग्यं तेन दर्श्यते।
संयमः पोष्यते तेन, मौनं येन विधीयते॥"

"लौल्यत्यागात्तपोवृद्धिरभिमानस्य रक्षणम्।
ततश्च समवाप्नोति, मनः सिद्धिं जगत्त्रये॥"

"वाणी मनोरमा तस्य, शास्त्रसन्दर्भगर्भिता।
आदेया जायते येन, क्रियते मौनमुज्ज्वलम्॥"

"पदानि यानि विद्यन्ते, वन्दनीयानि कोविदैः।
सर्वाणि तानि लभ्यन्ते, प्राणिना मौनकारिणा॥"

"न सार्वकालिके मौने, निर्वाहव्यतिरेकतः।
उद्योतनं परं मन्ये, किंचनापि विधीयते॥"

सत्याणुव्रतरक्षणार्थमाह—

"कन्यागोक्ष्मालीककूटसाक्ष्यन्यासापलापवत्।
स्यात्सत्याणुव्रती सत्यमपि स्वान्यापदे त्यजन्॥"

नियमसारेऽप्येवम्—

"रागेण वा दोसेण वा मोहेण वा मोसभासऽपरिणामं।
जो पजहदि साहु सया विदियवयं होइ तस्सेव" ॥ ५७ ॥

{ रागेण वा द्वेषेण वा मृषाभाषा परिणामं।
यः प्रजहाति साधुः सदा द्वितीयव्रतं भवति तस्यैव }

अत्र मृषापरिणामः सत्यप्रतिपक्षः, स च रागेण वा द्वेषेण वा

मोहेन वा जायते तदा यः साधुः आसन्नभव्यजीवस्तं परिणामं परित्यजति तस्यैव द्वितीयं व्रतं भवतीति ।

"व्यक्तिव्यक्तं सत्यमुच्चैर्जपन् यः । स्वर्गस्त्रीणां भूरिभोगैकभाक् स्यात् ॥
अस्मिन् पूज्यः सर्वदा सर्वसद्भिः, सत्यात्सत्यं चान्यदस्ति व्रते किम् ॥"

अलीकफलमुपदर्शयति यथा—

"मन्मनत्वं काहलत्वं, मूकत्वं मुखरोगिताम् ।
वीक्ष्यासत्यफलं कन्यालीकाद्यसत्यमुत्सृजेत् ॥"

"मूकाजडाश्च विकला, वाग्हीना वाग्जुगुप्सिताः ।
पूतिगन्धमुखाश्चैव, जायन्तेऽनृतभाषिणः ॥"

पुनश्च प्रतिषेधमाह—

"सर्वलोकविरुद्धं यद्यद्विश्वसितघातकम् ।
यद्विपक्षश्च पुण्यस्य, न वदेत्तदसूनृतम् ॥"

पुनश्च—

"असत्यतो लघीयस्त्वमसत्याद्वचनीयता ।
अधोगतिरसत्याच्च, तदसत्यं परित्यजेत् ॥"

"असत्यवचनं प्राज्ञः, प्रमादेनापि नो वदेत् ।
श्रेयांसि येन भज्यन्ते, वात्ययेव महाद्रुमाः ॥"

॥ यदाहुर्महर्षयः सय्यम्भवाः, दशवैकालिके ॥

"अइअम्मि य कालम्मि, पच्चुप्पण्णमणागए,
जमट्ठं तु न जाणेज्जा, एवमेअं ति णो वए ।"

{अतीते च काले, प्रत्युत्पन्नमनागते,
यमर्थं तु न जानीयात्, 'एवमेवद्' इति नो वदेत् ।}

"अइअम्मि य कालम्मि, प्पचुप्पण्णमणागए।
जत्थ संका भवे तं तु, एवमेअं ति णो वए।"
"अतीते च काले, प्रत्युत्पन्नमनागते,॥
यत्र शङ्का भवेत्तत्तु, 'एवमेतत्' इति नो वदेत्॥"
{अइअम्मि य कालम्मि, प्पचुप्पन्नमणागए
निस्संकिअं भवे जं तु, एवमेअं तु निद्दिसे। }
"अतीते च काले, प्रत्युत्पन्नमनागते॥
निश्शंकितं भवेद्यत्तु, 'एवमेतत्' तु निर्दिशेत्॥"

पुनरप्यैहिकान् दोषानाह—

"असत्यवचनाद्वैरविषादाप्रत्ययादयः।
प्रादुःषन्ति न के दोषाः, कुपथ्याद्व्याधयो यथा॥"
"निगोदेष्वपि तिर्यक्षु, तथा नरकवासिषु।
उत्पद्यन्ते मृषावादप्रसादेन शरीरिणः॥"
"अल्पादपि मृषावादाद्रौरवादिषु संभवः।
अन्यथा वदतां जैनीं, वाचं त्वहह का गतिः॥"
"ज्ञानचारित्रयोर्मूलं, सत्यमेव वदन्ति ये।
धात्री पवित्री क्रियते, तेषां चरणरेणुभिः॥"
"अलीकं ये न भाषन्ते, सत्यव्रतमहाधनाः।
नापराद्धुमलं तेभ्यो, भूतप्रेतोरगादयः॥"
"शिखी मुण्डी जटी नग्नश्चीवरी यस्तपस्यति।
सोऽपि मिथ्या यदि ब्रूते, निन्द्यः स्यादन्त्यजादपि॥"
"एकत्रासत्यजं पापं, पापं निःशेषमन्यतः।
द्वयोस्तुलाविधृतयोराद्यमेवातिरिच्यते॥"

"पारदारिकदस्यूनामस्ति काचित्प्रतिक्रिया ।
असत्यवादिनः पुंसः, प्रतीकारो न विद्यते ॥"

"कुर्वन्ति देवा अपि पक्षपातं, नरेश्वराः शासनमुद्वहन्ति ।
शीती भवन्ति ज्वलनादयो यत्तत् सत्यवाचां फलमामनन्ति ॥"

तथा च ज्ञानार्णवेऽप्याह—

"यः संयमधुरां धत्ते, धैर्यमालम्ब्य संयमी,
स पालयति यत्नेन, वाग्वने सत्यपादपम् ।"

"अहिंसाव्रतरक्षार्थं, यमजातं जिनैर्मतम् ।
नारोहति परां कोटिं, तदेवासत्यदूषितम् ॥"

"असत्यमपि तत्सत्यं, यत्सत्वाशंसकं वचः ।
सावद्यं यच्च पुष्णाति, तत्सत्यमपि निन्दितम् ॥"

"अनेकजन्मक्लेशानां, शुद्ध्यर्थं यस्तपस्यति ।
सर्वं सत्वहितं शश्वत्स ब्रूते सूनृतं वचः ॥"

"सूनृतं करुणाक्रान्तमविरुद्धमनाकुलम् ।
अग्राम्यं गौरवाश्लिष्टं, वचः शास्त्रे प्रशस्यते ॥"

"मौनमेव हितं पुंसां, शश्वत्सर्वार्थसिद्धये ।
वचो वाचि प्रियं तथ्यं, सर्वसत्वोपकारि यत् ॥"

"असद्वदनवल्मीके, विशाला विषसर्प्पिणी,
उद्वेजयति वागेव, जगदन्तर्विषोल्बणा ॥"

"पृष्टैरपि न वक्तव्यं, न श्रोतव्यं कथंचन ।
वचः शंकाकुलं पापं, दोषाढ्यं चाभिसूयकम् ॥"

"मर्म्मच्छेदि मनःशल्यं, च्युतस्थैर्यं विरोधकम् ।
निर्दयं च वचस्त्याज्यं, प्राणैः कण्ठगतैरपि ॥"

"धर्मनाशे क्रियाध्वंसे, सुसिद्धान्तार्थविप्लवे ।
अपृष्टैरपि वक्तव्यं, तत्स्वरूपप्रकाशने ॥"
"या मुहुर्मोहयत्येव, विश्रान्ता कर्णयोर्जनम् ।
विषमं विषमुत्सृज्य, साऽवश्यं पन्नगी न गीः ॥"
"न तथा चन्दनं चन्द्रो, मणयो मालतीस्रजः ।
कुर्वन्ति निर्वृतिं पुंसां, यथा वाणी श्रुतिप्रिया ॥"
"अपि दावानलप्लुष्टं, शाड्वलं जायते वनम् ।
न लोकः सुचिरेणापि, जिह्वानलकदर्थितः ॥"
"सतां विज्ञाततत्वानां, सत्यशीलावलम्बिनाम् ।
चरणस्पर्शमात्रेण, विशुद्ध्यति धरातलम् ॥"
"नृजन्मन्यपि यः सत्यप्रतिज्ञामच्युतोऽधमः ।
स केन कर्मणा पश्चाज्जन्मपङ्काचरिष्यति ॥"
"खण्डितानां विरूपाणां, दुर्विधानां च रोगिणाम् ।
कुलजात्यादिहीनानां, सत्यमेकं विभूषणम् ॥"
"न हि स्वप्नेऽपि संसर्गमसत्यमलिनैः सह ।
कश्चित्करोति पुण्यात्मा, दुरितोत्सुकशंकया ॥"
"सुतस्वजनदारादिविचबन्धुकृतेऽथवा ।
आत्मार्थे न वचोऽसत्यं, वाच्यं प्राणात्ययेऽपि च ॥"
इत्यादिप्रमाणैः सत्यमनवद्यं पापरहितमेव श्रेष्ठम् ॥

(अथ ब्रह्मचर्यमाह—).

तपस्सु चेच्छया निरोधन्यापारेषु द्वादशप्रकारेषु मध्ये यथोक्तं नवविधब्रह्मचर्यगुप्त्युपेतं ब्रह्मचर्यं प्रधानं भवति। कमनीयकामिनीमनोहराङ्गनिरीक्षणद्वारेण समुपजनितकौतूहलचित्तवाञ्छापरित्यागेनाथवा

स्ववेदोदयाभिधाननोकषायतीव्रोदयेन संजातमैथुनसंज्ञापरित्यागलक्षण-शुभपरिणामेन च ब्रह्मचर्य्यं श्रेष्ठं भवति सर्वेषु तपस्विति भावः ।

आह च—

"भवति तनुविभूतिः कामिनीनां विभूतिं, स्मरसि मनसि कामिंस्त्वं तदा मद्वचः किम्; सहजपरमतत्वं स्वस्वरूपं विहाय व्रजसि विपुलमोहं हेतुना केन चित्रम् ।"

॥ अब्रह्म दोषा यथा— ॥

"सन्तापरूपो मोहांगसादतृष्णानुबन्धकृत् ।
स्त्रीसम्भोगस्तथाप्येष, सुखं चेत्का ज्वरेऽक्षमा ॥"

॥ परदाररतौ सुखाभावः, अनायुष्यकारित्वं च ॥ यथा—

"न हीदृशमनायुष्यं, लोके किञ्चन विद्यते ।
यादृशं पुरुषस्येह, परदाराभिमर्शनम् ॥"

अथ ब्रह्मचर्य्यमाहात्म्यमाह—

"स्वस्त्रीमात्रेऽपि सन्तुष्टो, नेच्छेद्योऽन्याः स्त्रियः सदा ।
सोऽप्यद्भुतप्रभावः स्यात्किं वर्ण्यं वर्णिनः पुनः ॥"

॥ ब्रह्मचारिणीं सतीं दृष्टान्तेन स्पष्टयति— ॥

"रूपैश्वर्य्यकलावर्य्यमपि सीतेव रावणम् ।
परपूरुषमुज्झन्ती, स्त्री सुरैरपि पूज्यते ॥"

अन्यच्च तत्वार्थसूत्रे—

स्त्रीमैथुनमब्रह्म— ॥ ११-७

स्त्रीपुंसयोर्मिथुनभावो मिथुनकर्म्म वा मैथुनं,
तदब्रह्म—

अन्यत्रापि—

"मातृस्वसृसुतातुल्या, निरीक्ष्य परयोषितः ।
स्वकलत्रेण यस्तोषश्चतुर्थं तदणुव्रतम् ॥"
"दुःखानां निधिरन्यस्त्री, सुखानां प्रलयानलः ।
व्याधिबहुःखवस्त्याज्या, दूरतः सा नरोत्तमैः ॥"
"स्वभर्तारं परित्यज्य, या परं याति निस्त्रपा ।
विश्वासं श्रयते तस्यां, कथमन्यः स्त्रयोषिति ॥"
"किं सुखं लभते मर्त्यः सेवमानः परस्त्रियम् ।
केवलं कर्म्म बध्नाति, श्वभ्रभूम्यादिकारणम् ॥"

यतः—

"विन्दन्ति परमं ब्रह्म, यत्समालम्ब्य योगिनः ।
तद्व्रतं ब्रह्मचर्य्यं स्याद्धीरधौरेयगोचरम् ॥"
"एकमेव मतं श्लाघ्यं, ब्रह्मचर्य्यं जगत्त्रये ।
यद्विशुद्धिं समापन्नाः पूज्यन्ते पूजितैरपि ॥"

तन्मते दशधा मैथुनम्—

"आद्यं शरीरसंस्कारो, द्वितीयं वृष्यसेवनम्,
तौर्यत्रिकं तृतीयं स्यात्, संसर्गस्तुर्य्यमिष्यते ।
योषिद्विषयसंकल्पः, पञ्चमं परिकीर्तितम् ।
तदंगवीक्षणं षष्ठं, संस्कारः सप्तमं मतम् ॥"
"पूर्वानुभोगसम्भोगस्मरणं स्यात्तदष्टमम् ।
नवमं भाविनीचिन्ता, दशमं वस्तिमोक्षणम् ॥"
"किम्पाकफलसम्भोगसन्निभं तद्धि मैथुनम् ।
आपातमात्ररम्यं स्याद्विपाकेऽत्यन्तभीतिदम् ॥"

"विरज्य कामभोगेषु, ये ब्रह्म समुपासते ।
एते दश महा दोषास्तैस्त्याज्या भावशुद्धये ॥"
"सिक्तोऽप्यम्बुधरव्रातैः, प्लावितोऽप्यम्बुराशिभिः ।
न हि त्यजति सन्तापं, कामवह्निप्रदीपितः ॥"
"मूले ज्येष्ठस्य मध्याह्ने, व्यभ्रे नभसि भास्करः ।
न प्लोषति तथा लोकं, यथा दीप्तः स्मरानलः ॥
"हृदि ज्वलति कामाग्निः, पूर्वमेव शरीरिणाम् ।
भस्मसात्कुरुते पश्चादंगोपाङ्गानि निर्दयः ॥"
भोगिदंष्टस्य जायन्ते, वेगाः सप्तैव देहिनः
"स्मरभोगीन्द्रदंष्टानां दश स्युस्ते भयानकाः ॥"

इमे ते दश—यथा—
"प्रथमे जायते चिन्ता, द्वितीये द्रष्टुमिच्छति ।
तृतीये दीर्घनिश्वासाश्चतुर्थे भजते ज्वरम् ॥"
"पंचमे दह्यते गात्रं, षष्ठे भक्तं न रोचते ।
सप्तमे स्यान्महामूर्च्छा, उन्मत्तत्वमथाष्टमे ॥"
"नवमे प्राणसन्देहो, दशमे मुच्यतेऽसुभिः ।
एतैर्वेगैः समाक्रान्तो, जीवस्तत्वं न पश्यति ॥"
"नासने शयने याने, स्वजने भोजने स्थितिम् ।
क्षणमात्रमपि प्राणी, प्राप्नोति स्मरशल्यतः ॥"
"दक्षो मूढः क्षमी क्षुद्रः, शूरो भीरुर्लघुर्गुरुः ।
तीक्ष्णः कुण्ठो वशी भ्रष्टो, जनः स्यात्स्मरवंचितः ॥"
"यदि मांसं त्वया मूढ !, नूत्नं जन्मोभसंक्रमात् ।
तदा तत्कुरु येनेयं, स्मरज्वाला विलीयते ॥"

इदानीमामुष्मिकमैहिकं चाब्रह्मफलमुपदर्श्य गृहस्थोचितं पुनरपि ब्रह्मचर्य्यव्रतमाह—

"षण्ढत्वमिन्द्रियच्छेदं, वीक्ष्याऽब्रह्मफलं सुधीः।
भवेत्स्वदारसन्तुष्टोऽन्यदारान् वा विवर्जयेत् ॥"

"रम्यमापातमात्रे यत्परिणामेऽतिदारुणम्।
किम्पाकफलसंकाशं, तत्कः सेवेत मैथुनम् ॥"

"यद्यपि निषेव्यमाणा, मनसः परितुष्टिकारका विषयाः।
किम्पाकफलादनवद्भवन्ति पश्चादतिदुरन्ताः ॥"

"कम्पः स्वेदः श्रमो मूर्च्छा, भ्रमिर्ग्लानिर्बलक्षयः।
राजयक्ष्मादिरोगाश्च, भवेयुर्मैथुनोत्थिताः ॥"

"योनियन्त्रसमुत्पन्नाः, सुसूक्ष्मा जन्तुराशयः।
पीड्यमाना विपद्यन्ते, यत्र तन्मैथुनं त्यजेत् ॥"

योनौ जन्तुसद्भावं वात्स्यायनः कामशास्त्रकारोऽप्याह।

वात्स्यायनश्लोको यथा—

"रक्तजाः कृमयः सूक्ष्मा, मृदुमध्याधिशक्तयः।
जन्मवर्त्मसु कण्डूतिं, जनयन्ति तथाविधाम् ॥"

कामज्वरचिकित्सार्थमौषधमिव मैथुनसेवनमिति यो मन्येत तं प्रत्याह—

"स्त्रीसम्भोगेन यः कामज्वरं प्रतिचिकीर्षति।
स हुताशं घृताहुत्या, विध्यापयितुमिच्छति ॥"

इतर अप्याहुः—

"न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव, भूय एवाभिवर्धते ॥"

॥ स्त्रियाऽपि परपुरुषो भुजग इव त्याज्यः ॥

"ऐश्वर्ये राजराजोऽपि रूपे मीनध्वजोऽपि यः ।
सीतया रावण इव, त्याज्यो नार्य्या नरः परः ॥"

पुनश्च—"प्राणभूतं चरित्रस्य, परब्रह्मैककारणम् ।
समाचरन् ब्रह्मचर्य, पूजितैरपि पूज्यते ॥"

यतः—"चिरायुषः सुसंस्थाना, दृढसंहननाः नराः ।
तेजस्विनो महावीर्य्या, भवेयुर्ब्रह्मचर्य्यतः ॥"

एवैर्ज्ञायते ब्रह्मचर्यमाहात्म्यम् ॥

तथैव सर्वलोकोत्तमरूपसम्पदा सर्वातिशायिन्या क्षायकज्ञानदर्शन-श्रीभिर्ज्ञातपुत्रो ज्ञातनन्दनोऽन्तिमजिनः श्रमणः प्रधानः ॥ यतो भगवतो महावीरस्य बहूनि नामानि सन्ति । यथा—

"समणे भगवं महावीरे नाते, नातपुत्ते, नातकुलनिव्वत्ते, विदेहदिन्ने, विदेहजच्चे, समणे भगवं महावीरे, कासवगोत्ते, अम्मा. पियुसंतिए वड्ढमाणे, सह सम्मुदिए समणे, भीमभयभेरवं ओरालं अचेलयं परिसहं सहइत्तिकट्टु देवेहिं से नाम कयं **समणे भगवं महावीरे** ॥ श्रीआचाराङ्गसूत्रम्–११, १५, १६–१७

"एवं से उदाहु अणुत्तरनाणी, अणुत्तरदंसी अणुत्तरणाणदंसणधरे
अरहा णायपुत्ते भगवं, वेसालिए वियाहिए" ।

(श्री सूयगडांगसूत्रम् १–२)

भगवतो महावीरस्य ज्ञातवंशो यथाऽऽह सिद्धान्ते ।

"छविहा कुलारिया मणुस्सा प० तं० उग्गा, भोगा, राइण्णा, इक्खागा, णाता, कोरवा" ॥ (श्री ठाणांग सूत्रम् ४९७),

"आत्याख्यां, इक्ष्वाकवो, विदेहा, हरयोऽम्बष्ठा, ज्ञाताः कुरवो, बुंबुनाला, उग्रा, भोगा, राजन्या इत्येवमादयः क्षत्रिया आर्यकुलोद्भवाः" ॥

(तत्त्वार्थसूत्रम् ३–१५)

ज्ञातखण्डोद्यानोऽपि ज्ञातवंशस्य परिचयमादत्ते, यथा—

"बहिया य 'णायसंडे' आपुच्छित्ताण णायए सव्वे ।
दिवसे मुहुत्तसेसे कमाणामं समणुपत्तो ॥"

(आवश्यकचूर्णि पृ० २६७)

पुनश्च—

"उत्तरखत्तियकुण्डपुरसंनिवेसस्स मज्झंमज्झेणं निगच्छति २ त्ता जेणेव 'णायसंडे' उज्जाणे तेणे व उवागच्छइ............महावीरे लोयं करेइ ।" (श्री आचारांगसूत्र २-१५-८)

श्रीहेमचन्द्राचार्योऽपि परिशिष्टपर्वणि ज्ञातनन्दनमिति शब्दप्रयोगं कृत्वा प्रणमस्करोति, यथा—

कल्याणपादपारामं, श्रुतगंगाहिमाचलम्,
विश्वाम्भोजरविं देवं, वन्दे श्रीज्ञातनन्दनम् ॥

इत्यादिप्रमाणैर्भगवान् महावीरो ज्ञातवंशमलंकृतवान् ।

अन्वयार्थ—जैसे [दाणाण] दान-धर्ममें [अभयप्पयाणं] अभयदान [सेट्ठं] श्रेष्ठ है, [वा] और [सच्चेसु] सत्योंमें [अणवज्जं] पाप रहित-दूसरोंको पीड़ा न देनेवाला सत्य-वचन [वा] और [तवेसु] सब तपोंमें [बंभचेरं] ब्रह्मचर्यको [उत्तमं] उत्तम [वदंति] कहा है, उसी प्रकार [समणे] श्रमण [नायपुत्ते] ज्ञातृ-पुत्र-महावीर [लोगुत्तमे] लोकमें श्रेष्ठ थे ॥ २३ ॥

भावार्थ—स्व परके हितके लिए किसीवस्तुका निष्प्रम अर्पण करना दान है, दान अनेक प्रकारका होनेपर भी 'अभयदान' सब दानोंमें उत्तम है,

इसी प्रकार सत्य भी अनेक प्रकारका है, तथापि दूसरेको जिस सत्यसे पीडा न हो ऐसा सत्य-प्रियसत्य उस सत्यसे अच्छा है जिससे दूसरोंको पीडा हो, और सब तपोंमें ब्रह्मचर्य तप सर्वोत्कृष्ट है, इसी प्रकार भगवान्-महावीर भी लोकमें सर्वोत्तम थे ॥ २३ ॥

भाषा-टीका—अपनी और औरोंकी उन्नति तथा भलाईके लिए जो परोपकारकी दृष्टिसे दिया जाय उसे दान कहते हैं। या अपने अधिकारको वस्तुमेंसे हटा कर जिस वस्तु पर किसी अन्यको अधिकार देदेना भी दान कहा जा सकता है। परन्तु यहां तो श्रद्धा और प्रतीति के साथ भक्ति भाव पूर्वक, परिग्रहका ममत्व भाव छोडकर कर्मोंकी निर्जराके लिए अनुकम्पासे तथा मन, वचन कायकी शुद्धिसे फलकी इच्छा न रख कर दाता जिस पात्रमें कुछ पवित्र वस्तु देता है उसीका नाम दान है।

और वह अन्नदान, औषधदान, ज्ञानदान, अभयदानके भेदसे चार प्रकारका है। परन्तु उन सबमें प्राणियोंका भय हटा कर उन्हें सर्वथा निर्भय करदेना ही सर्वोत्तम दान अभयदान माना गया है। क्योंकि आत्मामें दश प्राण होने से प्राणी कहलाता है। जीवित रहनेकी इच्छा या जीवित रहना ही इसका स्वभाव रहनेसे इसकी 'जीव संज्ञा' है। दशप्राण 'द्रव्य प्राण' हैं और 'भाव प्राण' अनन्त चतुष्टय कहलाते हैं, वास्तवमें यह जीव तीनों कालमें इन्हीं प्राणोंसे जीवित रहता है। अतः सब जीव जीवित रहनेकी इच्छा रखते हैं मरना कोई नहीं चाहता, किसीको मरना अभीष्ट नहीं है। अतः जीवित रहनेके अभिलाषुओंको 'अभय' दान देकर उनका सब प्रकारसे रक्षण करना मनुष्यका श्रेष्ठतम कर्तव्य है।

कहा भी है कि–"जिस प्रकार मुझे अपने प्राण प्रिय हैं उसी प्रकार अन्य देह धारियोंको भी अपना जीवन प्रिय है। स्वर्गका निवासी इन्द्र और विष्ठाका कीडा, महलमें रहने वाला राजा और झोंपडीमें रहने वाला गरीब लकडहारा समान जीवन चाहते हैं। यह समझ कर किसी भी प्राणीके 'मन' नामक प्राणको भी कष्ट न देना चाहिए।"

"क्योंकि अहिंसा परम धर्म है, हिंसा सब जगह पर निन्दित की गई है, यह स्वयंको प्रिय न होने के कारण औरों को भी अप्रिय है। क्योंकि अपनी और औरों की मनोदशामें कोई अन्तर नहीं है। अतः चतुर मनुष्य अपने मनमें

नियमसार–"कुलस्थान, योनिस्थान, जीवसमासस्थान, मार्गणा स्थान इत्यादि भेदोंको भलि भान्ति जान कर जीव रक्षा करनेके भावको 'अहिंसा' कहते हैं। जीवोंकी मृत्यु होती है या नहीं इस प्रकारके विचारमें लगे हुए परिणामके सुधारके विना पाप हिंसा रूप क्रियाका त्याग होना कठिन है, अतः इस रक्षाके प्रयत्नमें लगना 'अहिंसा' है।"

समन्तभद्राचार्य कहते हैं कि–"जगत् में इसे सब जानते हैं कि–अहिंसा परब्रह्म स्वरूप है, अर्थात् आत्माकी वीतरागता ही अहिंसा है, जहां वीतरागता है, वहीं आत्मा का शुद्ध स्वरूप है, जिस आश्रमके चरित्रमें अणुमात्र भी आरंभ नहीं है वहीं यह पूर्ण अहिंसा प्राप्त होती है। आशय यह है कि आदर्श पुरुषोंका सच्चरित्र रूप आचरण ही अहिंसा है, अतः अहिंसाकी सिद्धिके लिए ही परम दयालु प्रभुने आरंभ और परिग्रहको त्याग दिया। प्रभु विकार शील वेश और परिग्रहमें अनुरक्त नहीं थे। क्योंकि जहां परिग्रहकी आसक्ति नहीं है, वहां ही ऊंचे दर्जेका अहिंसा धर्म है। 'जिनधर्म की जय' इसी लिए बोलते हैं कि–इसमें पूर्ण 'अहिंसा' का पालन किया जाता है। यहीं भरा जीवका घात करनेवाले विचारोंको जड मूलसे हटानेका कारण है। तथा 'पंच काय' रूप इकेन्द्रिय स्थावर जीवोंके नाना प्रकारके होनेवाले वधसे वह बिलकुल दूर है और वह सुन्दर सुखसे भरपूर समुद्रके समान अगाध है।"

"मुनिओंका कर्तव्य है कि वे सर्वथा अहिंसाका पालन करें, क्योंकि हिंसाका परिणाम दुःखजनक है, जिसे महापुरुषोंने महान् अनुभवसे बताया है। जिनके ये वचनामृत हैं।"

"पैरसे लाचार है, शरीरकी चमडीको फोड कर कोढ बाहर टपकने लगा है, हाथ कटे हुए हैं, और भी अनेक रोगोंसे ग्रस्त है। उसे देख कर समझ लेना चाहिए कि उन्हें यह दारुण दुःख अन्य प्राणियोंकी हिंसा करनेसे भुगतना पडा है अतः चतुर पुरुषका यह कर्तव्य है कि–निरपराधजीवकी संकल्पमात्रसे कभी 'हिंसा' न करे।"

"सुखदुःखमें, अच्छे बुरेमें, दुष्क अयुक्तमें, अपनी आत्माकी तरह अन्य आत्माओंको समझ कर कभी किसीका हिंसा रूप अनिष्ट न करे।"

लोकोंका यह मन्तव्य है कि–"धर्मका सम्पूर्ण अंग सुन कर तथा मनमें विवेक रख कर उसका निर्णय पूर्वक यह सार है कि जब मुझे अपने

प्रतिकूल कुछ अच्छा नहीं प्रतीत होता है, तब औरों को उनके प्रतिकूल आचरण कब इष्ट है।"

"सबको अपने प्राण ही प्रिय हैं, राज्य नहीं"-"प्राणी अपने प्राणोंकी रक्षाके लोभमें राज्य को भी, तृणकी तरह छोड देता है। अत एव, किसीके प्राणोंका नाश करनेसे जो पाप होता है वह समस्त पृथ्वी दान कर देनेसे भी दूर नहीं होता।"

"मरनेवालेको चाहे राज्य भी प्रदान करो, या सुवर्ण का पहाड अर्पण करदो, परन्तु जीवनके सन्मुख वे वस्तुएँ उसे कुछ भी अच्छी नहीं लगतीं, इसी लिए वह उन सब को छोड कर जीवित रहनेकी 'अपील' करता है।"

पीडा-"जरासा कांटा पैर में लग जाता है, मगर वह सारे अंगों में भारी पीडा उत्पन्न कर देता है, परन्तु जो निरपराध जीवोको तीक्ष्ण शस्त्रसे मौतके घाट उतार देता है, उस मरनेवालेके दुःखका क्या ठिकाना है। उसे तो अवश्य अनिर्वचनीय वेदना होती है।"

"यह कहां की नीति है जो अशरण, निरपराध, दुर्बल प्राणी बलवान् के द्वारा मारा जाता है, हाय! हमें तो कष्ट के साथ कहना पडता है कि-जगत् में अराजकता छा गई है, अब यहा न्यायको कहाँ स्थान रह गया है।"

"यदि कोई किसीके कानोंको यह सुनादे कि तू मरजा! तब सुननेवाला यह सुनते ही कांप उठता है, शरीर भयभीत और दुःखी हो जाता है। जो पैने और कठोर शस्त्रसे किसीको मारने लगता है तब उसकी क्या दशा होती होगी। उसके दुःखका अनुभव सिवाय उसके भला और कौन कर सकता है।"

"हाथका कट जाना अच्छा है; बिना पैर रहना भी कुछ बुरा नहीं, मगर सम्पूर्ण शरीरके अंगोंको पाकर हिंसा करनेवाला पुरुष सर्वथा निकम्मा है, अर्थात् वह किसी कामका नहीं है।"

मतलब साधने की हिंसा भी हानिकर है-"विघ्नकी शान्तिके लिए की गई हिंसा भी विघ्नके लिए ही होगी। बहुतसे यह कह डालते हैं कि-हमारे कुलका यही 'आचार' चला आता है, मगर वह कुछ कुलकी भलाईके लिए नहीं है, वह तो कुल नाश के लिए ही होगा, शान्तिके लिए नहीं।' अपने वंशमें, चली आनेवाली कुलक्रमागत हिंसाको जो भी प्राणी छोड कर शुद्ध हो

जाता है, वह खल सूर कसाईके पुत्र 'सुल्स' की तरह सब मनुष्योंमें पवित्र और श्रेष्ठ गिना जाता है।"

"जो इन्द्रियोंको तो वश रखना चाहता है, तथा देव और गुरु की आत्मीय सेवा करता है, यथा शक्य दान भी देता है, तत्वको पढ कर पढाता भी है, तप भी करता है, परन्तु जरासी भी हिंसाको यदि धर्म मान्यतासे कर देता है तब तो उपरोक्त सबकी सब क्रियाएँ निष्फल हैं, अतः सिद्ध हुआकि धर्मके नाम पर की गई हिंसा भयंकर पापकारिणी है।"

"जिस शास्त्रमें धर्मका नाम लेकर हिंसा करनेका उपदेश किया हो वह शास्त्र न होकर कुशास्त्र समझा जाना चाहिए अर्थात् वह शस्त्र है शास्त्र नहीं।"

"यह कितना आश्चर्य है कि-मनुष्य तक को मार देनेवाले, लोभान्ध होकर पथ भ्रष्ट होजाने वाले, हिंसा विधायक शास्त्र बनाकर, तथा पाप करनेका उपदेश देकर, लोकोंको मूर्ख बना रहे हैं, अन्ध विश्वासी बनाकर मानो नरकके कूंडेमें डाल रहे हैं।"

अहिंसाका माहात्म्य-"अहिंसा माता की तरह सबकी पालिका और हितकारिणी है। अहिंसा ही शत्रुओंके मनमें अमृतका संचार करनेवाली है। अहिंसा दुःखरूपी दवानलको बुझानेमें अमोघ और प्रधान मेघ है, संसार भ्रमणा यानी जन्म मरणके रोगसे पीडितोंके लिए तो आरोग्यता देनेमें समर्थ 'औषधि' है।"

अहिंसाका फल-"लम्बी आयु, स्वच्छ और सुन्दर रूप, नीरोगता, संसारमें निर्मल यशः कीर्ति, इत्यादि सामग्रिएँ अहिंसा पालन करनेके उपलक्षमें ही तो मिली हैं। अधिक क्या कहा जाय अहिंसा सब मनोरथ पूर्ण करनेवाली है।"

किसीने ठीक ही कहा है कि-"पहाडोंमें सुमेरु, अमृत पीने वालोंमें देवता, मनुष्योंमें चक्रवर्ती, ज्योतिष् चक्रमें चाद, ठंडी छाया देनेवालोंमें फलदार वृक्ष, ग्रहोंमें सूर्य, जलाशयोंमें समुद्र, सुर-असुर-मनुष्य तथा चक्रवर्तियोंमें वीतराग के पदकी तरह सब व्रतोंमें 'अहिंसा' को सबमें बडप्पन तथा प्रधानता प्राप्त है। अर्थात् इससे बढ कर और बडा व्रत क्या हो सकता है।"

निष्कर्ष-इन सब शास्त्रोंका मीलान करनेसे यह स्वयं सिद्ध हो जाता है कि-हिंसा सब शास्त्रोंमें वर्जित है; जैनोंने तो इसका नाम प्राणातिपात कहा है,

जिस का आशय यह होता है कि-किसी के एक-प्राणको भी निरर्थक न दुखाना चाहिए। साधु मुनिराज इसका सम्पूर्ण अंग पालन करते है। और गृहस्थ जन इसका एक भाग ही निभा सकते हैं क्योंकि सबको अपना जीवन सब वस्तुओं से अधिक प्रिय है।

जैसे कहा है कि-"यदि मरनेवालेको यह कहा जाय कि-तुम सोनेके 'एक क्रोड सिक्के' लेकर हमें अपनी जान मारनेकेलिए कहदो, तब वह धनके ढेरको छोडकर जीवित रहनेकी आशा प्रगट करेगा। क्योंकि जान देदेनेपर उसकेलिए धन किस कामका है। अतः सबको अपना जीवन प्रिय है। इस लिए सब दानोंमें अभय दान श्रेष्ठ है।"

अभयदान पर उदाहरण-"अरिदमन वसन्तपुरका राजा है, वह अपनी चार रानियोंसे नित्य रंग रलियां करता है। एक दिन उन रानिओंने गाना, बजाना, नाचना आरंभ किया; राजा उनकी गान्धर्व विद्या पर लट्टू होगया और बोला कि आज तुम जो कुछ मांगोगी वही दूंगा। रानिओंने कहा कि इस समय तो हमें किसी वस्तुकी आवश्यकता नहीं है, कालान्तरमें मांग लेंगी, अब हमारा वर अपने पास जमा कर लीजिए; राजाने कहा अच्छा।"

एक बार रानियोंने एक चोरको देखा कि जिसे लाल कपडे, और जूतोंका हार पहिना कर बध्य भूमि ले जाया जा रहा है। रानियोंके साथ राजा भी महल पर टहल रहा था, देखकर उन्होंने पूछा कि प्राणनाथ! इसने क्या अपराध किया है। राजाने उसी समय एक सिपाहीको बुलाकर पुछवाया, उसने कहा कि पृथ्वीनाथ! इसने चोरी जैसा अकार्य करके राज और धर्मके विरुद्ध कार्य किया है, अतः आपनेही तो इसको 'प्राणदंड' पानेकी आज्ञा दी है।

यह सुनकर उनमें से एक रानी ने कहा कि प्राणवल्लभ! आप मेरा 'वर' यह दें कि इसे एक दिनके लिये न मारें जिससे मैं इस पर कुछ उपकार कर सकूं। राजाने कहा "तथास्तु"

रानीने उसे महलमें लिवा कर कहा तुझे आजके लिए बचा दिया है, अतः आज खा पी और मौज कर। यह कह उसका खूब अन्न और वस्त्रसे स्वागत किया, सवेरा होने पर उसे एक हजार दीनार देकर अपने महलसे विदाकर दिया।

इसी प्रकार दूसरी और तीसरी रानीने भी एक एक दिन रक्खा और क्रमसे एक लाख और एक क्रोड सोनेके सिक्कोंका पारितोषिक दिया।

मगर चौथी रानीने उसे कुछ भी न देकर उसका वह प्राणदंड का अपराध राजासे कह कर क्षमा करा दिया। तब यह सुन उन तीनोंने कहा कि इसे तूने क्या दिया है? चौथी रानीने कहा कि मैंने इसे वह वस्तु दी है, जिसे तुम सब मिल कर स्वप्नमें भी नहीं दे सकीं। यह सुनकर वे सब कुद्ध होकर उसके गले पड़ गईं और बोलीं कि हमने तो उसे क्रोडपति बनादिया है और तुम कहती हो कि हमने इसपर तुनके जितना उपकार भी नहीं किया। चौथीने कहा कि धनसे भी अधिक सबको अपने प्राण प्यारे होते हैं। मैंने इसे प्राणदान दिला कर सदाके लिए सुखी बना दिया है। अब इसे मरनेका भय नहीं है जिससे मैंने सबसे बड़ा उपकारका कार्य किया है। यदि मेरे कहेका विश्वास न हो तो राजासे इसका न्याय कराना चाहिए। इतना कहनेके बाद राजाको तुरन्त महलमें बुलवाया गया, और रानियोंका वह मुकदमा सुन कर राजाने चोरको बुलाया और पूछा कि भाई! सच कह तू किस रानीका अधिक उपकार मानता है।

उसने नम्रतासे सिर झुका कर कहा कि-यों तो सबने मुझ पर भारी उपकार किया है, मगर चौथी रानीका सबसे अधिक उपकार मानता हूं, क्योंकि उसने अभयदान दिलवाया है। तीनों रानियोंने क्रोडोंका धन भी दिया और एक एक दिन मरनेसे भी बचाया मगर मुझे तो सदैव यही भय बना रहता था कि धनका क्या करूंगा जब कि कल मर जाना है। मगर चौथी रानीने मुझे उसी मौतके सकटसे उबारा है। अबमें यावज्जीवन पर्यन्तके लिए निर्भय हूं। अतः इस उपकारको अपने तनका पुरस्कार देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। क्योंकि सब दानोंमें अभयदान प्रधानतम है।

सर्वोच्च भाषा सत्य है-इसी प्रकार सत्य वचनोंमें निरवद्य, पापरहित, दूसरेकी पीडाको हटानेवाली भाषा सर्वोत्तम है। क्योंकि काना, नपुंसक, रोगी, चोरादिके नामसे पुकारनेपर भी उसके मनको आघात पहुँचता है।

मनुका मत-"सत्य, प्रिय, और अन्यके मनके अनुकूल वचन बोलो, असत्य और अप्रिय सत्य कभी मत बोलो।"

असत्य-असत् शब्दके तीन अर्थ हैं, सद्भावका प्रतिषेध, और अर्थान्तर तथा गर्हानिन्दा। वस्तुके स्वरूपका अपलाप करनेको सद्भावका प्रतिषेध कहते हैं। यह दो प्रकारका है। सद्भूत पदार्थका निषेध-तथा असद्भूत पदार्थका

निरूपण। जैसे "नास्ति आत्मा" आत्मा कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं हैं, अथवा "नास्ति परलोकः", परलोक-मरणके बाद जीवका अन्य भव धारण करना वास्तविक नहीं है। इत्यादिक भूतनिन्हव है। क्योंकि इससे सद्भूत पदार्थका अपलाप होता हैं। आत्माका परलोकमें भवान्तर धारण करना वास्तविक सिद्ध पदार्थ है। युक्तियुक्त और अनुभवगम्य है। इसका निषेध करना सद्भूतका अपलापनामक मिथ्या वचन है। आत्माको श्यामाकतण्डुल-सामकके चावल की तरह छोटे प्रमाणमें बताना, अथवा अंगूठेके पोरवे के बराबर समझना, या यह कहना कि-आदित्य वर्ण है, निष्क्रिय है, इत्यादि सब वचन अभूतोद्भावन नामक असत्य वचन हैं। क्योंकि इस तरहके वचनों द्वारा आत्माका जो वास्तविक स्वरूप नहीं है, उसका उल्लेख किया जाता है।

अर्थान्तर शब्दका अर्थ है भिन्न अर्थको सूचित करना, जो पदार्थ है उसको दूसरा पदार्थ ही बताना-वास्तविक न कहना अर्थान्तर है। जैसे कोई, गौको कहे कि यह घोडा है, अथवा घोडेको कहे कि यह गौ है, इस तरह के वचनको अर्थान्तर नामक असत्य कहते हैं।

गर्हा नाम निन्दा करनेका है, अतः जितने भी निन्द्य वचन हैं वे सब गर्हित नामके असत्य वचन समझने चाहिए। जैसे कि-'इसको मार डालो' या 'मरजा', 'इसे कसाईको देदो,' इत्यादि हिंसा विधायक वचन बोलना, तथा मर्म-भेदी-मन दुखानेवाले अपशब्द कहना, गाली देना, कठोर वचन कहना, परुष-रूक्ष शब्दोंका प्रयोग करना, एवं पैशुन्य किसी की चुगली करना, आदि गर्हित वचन कहलाते हैं। यदि वे गर्हित वाक्य कदापि सत्य भी हों तथापि असत्य माने जाते हैं। क्योंकि वे निन्द्य हैं। तथा प्रमादयुक्त जीवके वचन भी असत्य समझे जाते हैं। प्रमाद पूर्वक कहे जाने वाले वचन असत्य होते हैं। और प्रमाद को छोडकर कहे गए असत्य वचन भी सत्य हो सकते हैं, जैसे किसी रोगी बालकको पताशेमें दवा रख कर देते हैं और कहते हैं कि-ले यह पताशा है।

सत् शब्दके दो अर्थ होते हैं, विद्यमान और प्रशंसा। अत एव असत् शब्दसे अविद्यमान और अप्रशस्तता ये दोनों ही अर्थ लेने चाहिए। सद्भूत निन्हव असद्भूतोद्भावन और अर्थान्तर ये अविद्यमान अर्थको सूचित करनेवाले होनेसे असत्य हैं। और जो गर्हित वचन हैं वे अप्रशस्त होनेसे असत्य हैं तथा प्रमादका सम्बन्ध भी दोनों ही स्थानों पर पाया जाता है।

इसके अतिरिक्त असत्य की विवक्षा होने पर कषाय असत्य निमित्त बन जाता है, कषायका उदय आनेपर असत्यका प्रयोग अवश्य किया जाता है। अतः क्रोध-लोभ-मान-राग-द्वेष-मोहादिके कारणसे असत्य बोलनेका त्याग करना सत्याणुव्रत कहलाता है।

हंसीमें, कठोर शब्द का प्रयोग करते समय, चुगली करते समय, अप्रशस्त वचन कहते समय, झूठा वाक्य कहना अनिवार्य हो जाता है, और देहधारीको आत्म स्थिति उस समय प्राप्त होती है जब दूसरा अणुव्रत स्वीकार कर लिया जा सके।

कीसी ने कहा है कि—जिसे मूढ़ता के कारण धर्म के नामसे पुकारता है, और जो म्लेच्छोंमें भी निन्द्य समझा जाता है, उस असत्य को मन, वचन—कायसे त्याग देना ही उचित है, यदि हितको अपनानेकी अभिलाषा है तो असत्य न कह कर मौनको स्वीकार करले। क्योंकि इतने स्थानों पर सब मौन भाव भजते हैं,

जैसे—"प्रतिक्रमण करते समय, मलमूत्र त्यागते वक्त, पापके कार्यको छोड़ते समय, निरन्तर मौन रख लेवे, क्योंकि मौन कर लेनेसे पापोंके दोषोंका नाश हो जाता है।" 'मौनसे क्लेश नष्ट होता है, सन्तोष भाव जागृत हो जाता है, वैराग्यका प्रदर्शन होता है, संयमकी पुष्टि हो जाती है।' 'जिह्वाके स्वाद छोड़नेसे ही तपकी वृद्धि होती है। अभिमानकी रक्षा होजाती है, समता आनेसे मनकी सिद्धि हो जाती है।' 'वाणी मनोरमा बनजाती है, आदेय होकर प्रशंसा पात्र बन जाता है, मौन रखने वालेके चरणयुगल वन्दनीय होते हैं। परन्तु मौन देश और कालको विचार कर करना चाहिए। यदि कहीं बोलनेसे संसारको सद्बोध और चरित्रका लाभ हो तो वहां चुप न रहना चाहिए। मगर वाणी सदा सत्यवती होनी चाहिए।'

गृहस्थके लिए त्याज्य असत्य क्या है? "गृहस्थ को कन्या, पशु, पृथ्वी, के सम्बन्धमें असत्य कुछ भी न कहना चाहिए, न ही उसे कभी झूठी गवाही देनी चाहिए, कभी किसी की धरोहर-थापनी धरोहर मार कर उसे कोरा जवाब न देना चाहिए, इन पांच बातोंको ध्यानमें रखने वाला सत्याणुव्रती है। यदि अपने या अन्यके ऊपर सत्य कहनेसे आपत्ति आ सकती हो तो उस समय सत्य न कह कर मौन कर लेना उचित है।"

"और जो साधु-सज्जन पुरुष राग, द्वेष और मोहसे असत्य बोलनेके परिणामको जब छोड़ता है, तब ही दूसरा सत्याणुव्रत होता है, क्योंकि असत्य बोलनेका भाव सत्य भावसे विपरित होता है, और यह असत्य भाव राग भावसे, द्वेष भावसे और मोह भावसे जीवमें पैदा होता है, अर्थात् यह मनुष्य इष्ट पदार्थोंमें व विषयोंमें राग द्वारा उनकी प्राप्ति और रक्षाके लिए असत्य कहता है, वह अनिष्ट पदार्थोंमें वा विषयोंमें द्वेषपूर्वक उनके दूर होनेके लिए या उनका सम्बन्ध न पानेके लिए असत्य कहता है, अथवा मिथ्या बुद्धिसे संसारमें मोहके कारण उस मिथ्या भावकी रक्षाके अर्थ असत्य बोलता है, जो कोई निकट भव्य जीव साधु पुरुष इस प्रकारके असत्य बोलनेके परिणामोंको त्याग देता है उसी में सत्य व्रतकी योग्यता आती है।"

"जो सत्यभावके रंगमें रंग कर प्रगटमें सत्यका व्यवहार करता है वह सज्जनोंद्वारा आदरणीय होता है, यह बात इस लिए सर्वथा सत्य है कि सत्य से बढ कर अन्य दूसरा कोई व्रत नहीं।"

असत्य बोलने का निकृष्ट परिणाम–"झूठ बोलनेवाला गूंगा बनता है, या उसे मूकगति का जीव बनना पडता है। वह स्पष्ट नहीं बोल सकता। किसीको उसकी सुन्दर सम्मति भी प्रिय नहीं लगती। मुखरोगसे पीडित रहता है। ये सब झूठ बोलनेके दुष्परिणाम जान कर कन्यादिके विषयमें असत्य कभी न बोलना चाहिए।" "झूठ बोलने वाले, मूर्ख, विकलांग, वाणीहीन रह जाते हैं। उनकी बातें सुन कर लोकों को घृणा हो उठती है। और उनके मुखसे दुर्गंध आया करती है।" "जो सर्वलोक से विरुद्ध है, जिस वाणीसे विश्वासघात हो जाता है, जो पुण्यका प्रतिपक्षी है वह ऐसा वाक्य कभी न कहे।" "जो झूठ बोलता है उसमें तुच्छता आजाती है, अपने आपको ठग लेता है, अधोगतिगामी होता है, अतः झूठ वर्जनीय है।" "झूठ प्रमादसे भी न बोलना चाहिए, क्योंकि कल्याणकार्यरूपी वृक्ष असत्यकी आंधीसे गिर जाते हैं।" "भूत, भविष्यत्, वर्तमानकी बातोंको यदि पूर्णतया न जानता हो तो न कहे, कि इस तरह होगा।" "तीनों कालकी बातोंमें शंका हो तो उसे न कहे।" "यदि तीनों कालकी बातें बिलकुल निरशंक हैं तब उन्हें लोकोंमें उपदेशके रूपमें सुना सकता है।" "असत्य बोलनेसे वैर विरोध बढ जाते हैं, पोल खुल जाने पर पछतावा होता है,

कोई उस पर विश्वास नहीं करता, बदनाम मुफ्तमें हो जाता है।' कुपथ्य करनेकी तरह न जाने क्या २ दुःख-दोष झूठे मनुष्यमें बढ जाते है।" "झूठ बोलने वाला नरक, निगोद, और पशु योनिमें जन्म लेकर मरता रहता है।" "थोडा सा असत्यका प्रयोग करनेवाला भी नरकमें उत्पन्न होता है।"

"ज्ञानिओंने ज्ञान और चरित्रका मूल तो सत्य ही बताया है, सत्यवादीके पैरोंकी धूलिसे पृथ्वी पवित्र हो जाती है।" "जो सदा सत्य बोलते हैं उनका भूत, प्रेत, सर्प, सिंह आदि कुछ भी नहीं बिगाड सकते।" "सिर मुंडा कर, जटा रखा कर, नग्न रह कर, कपडे पहिन कर या तपको तप कर भी जो असत्य बोलता है तब तो उसे अछूतसे भी बढ कर निन्द्य समझना चाहिए।" "एक तरफ तो असत्यका पाप है, दूसरी ओर संसारके सब पाप हैं, यदि इन दोनों पापोंको तोला भी जाय तो असत्यका पाप बढ निकलेगा।" "डाकुओं और व्यभिचारिओंके पापका प्रायश्चित हो सकता है, परन्तु असत्यवादीका प्रतिकार नहीं।" "सत्यवादीका देवोंको भी पक्ष होता है, राजा भी उस पर शासन नहीं चला सकता, उन पर अग्निका उपद्रव नहीं होने पाता, क्योंकि सत्यकी महिमा अपार है।"

"सत्यका संसार भरके योगियोंने खूब ही गायन किया है, जिसमें शुभचन्द्राचार्यके कुछ वचनामृत आपके पठनार्थ सामने रखते हैं। उन्होंने कहा है कि-"जो संयमी मुनि धीरज रख कर संयमकी रक्षा या मुनि दीक्षाकी धुराको धारण करता है, वह मुनि वचनके जंगलमें सत्य रूपी वृक्षका आरोप करता है।" "यमनियमादिव्रतोंका समूह एक मात्र अहिंसाकी रक्षाके लिए कहा है, अहिंसा व्रत यदि असत्यसे दूषित होतो वह ऊंचे पदको कभी भी नहीं पासकता। असत्य वचनके होनेसे अहिंसाका प्रतिपालन असंभव है।"

"जो वचन जीवोंका इष्ट हित करनेवाला हो तो वह असत्य भी सत्य है। और जो वचन पाप सहित हिंसारूप कार्यको पुष्ट करता है वह सत्य भी असत्य है और निन्द्य भी है।" "जो मुनि अनेक जन्मके उत्पन्न दुखोंकी शान्तिके लिए तपश्चरण करता है वह निरन्तर सत्यही बोलता है, क्योंकि असत्यवचन बोलनेसे मुनित्वका होना असम्भव है।" "जो वचन सत्य हो, करुणासे भरपूर हो, किसीके विरुद्ध न हो, आकुलता रहित हो, असभ्य या

गवाँरू भाषामें न हो तथा-ग्राम्य नाम इन्द्रियोंका भी होता है यानी इन्द्रियोंके विकारोंको पुष्टकर वचन न हो, गौरवका बढानेवाला हो; जिसमें किसीका हलकापन न बताया गया हो, वही वचन शास्त्रमें प्रशंसनीय है।"

निरन्तर-मौन करना भी पुरुषों के कल्याण के लिए है- "यदि बोलनेका काम पडे तो सत्य और प्रिय तथा सब जीवोंके कल्याणके लिए बोलना चाहिए।" "मगर दुष्ट चरित्रोंके मुखकी बांबीमें बडी भारी असत्य-वाणीकी सांपनी रहती है, जो जगत् भरको दुःखी कर देती है।" "जिस बातके सत्य होनेमें सन्देह है, पर पाप रूप भी अवश्य है, और दोषोंसे युक्त है, एवं ईर्ष्याको बढानेवाली है, वह अन्यके पूछने पर भी न कहे।" "किसीका मर्म दुःखानेवाला, मनमें घाव करनेवाला, स्थिरताका नाश करने-वाला, विरोध खडा करनेवाला, तथा दया रहित वचन कण्ठमें प्राण आनेपर भी न कहे।" "जहा धर्मका नाश होता हो, चरित्रको धक्का पहुँचता हो, देशकी स्वतन्त्रता नष्ट होती हो, समीचीन सिद्धान्तका लोप होता हो, उस जगह देश, धर्म और जातिके उत्थानके लिए बिना पूछे भी विद्वानोंको अवश्य बोलना चाहिए। उस समय चुप चाप खडे २ तमाशा देखना, सत्पुरुषोंका कार्य नहीं है।" "जो वाणी लोकोंके कानोंमें पुनः पुनः पड कर जहर उगलती है, जीवोंको मोहरूप कर डालती है। सन्मार्गको भुला देती है, वह वाणी न होकर एक सापनी जैसी है, जिसके सुनते ही प्राणी उत्तम मार्गको छोडकर कुमार्गमें पड जाते हैं।" "कानोंको जितना सुख मनोहर वाणी देती है, उतना सुख चन्दन, चन्द्रमा, चन्द्रमणि, मोती, मालती, आदि शीतल पदार्थ नहीं दे सकते।"

"अग्निसे जला हुआ वन तो किसी समय हरा भरा हो जाता है, परन्तु जिव्हारूपी आगसे पीडित होकर लोक कभी नहीं पनपता।" "जो सच बोलते हैं, तत्वके असली स्वरूपको समझ सके हैं, जिनको सत्य और शीलका ही अवलम्बन है, उनके पैरों से पृथ्वी पवित्र हो जाती है और वही लोक उत्तम हैं। जो असत्य बोलते हैं वे ही नीच होते हैं।" "जो नीच पुरुष मनुष्यजन्म पाकर भी सत्यकी प्रतिज्ञासे रहित है, वह संसार रूपी कीचडसे और क्या करनेसे पार हो सकेगा?" "जिनके हाथ नाक कान कटे हों, रूप रंग नामको

भी न हो, दरिद्री और रोगी हो, कुल, जाति, वर्णसे हीन हो, तब क्या हुआ उनका भूषण सत्य है, सत्यसे पवित्र और सुखी हैं। उनकी शोभा सत्यसे है।" "जो पुरुष असत्यसे मलिन हैं, उनके साथ पाप रूपी कालिमाके भयसे कोई भी धर्मात्म पुरुष स्वपनेमें भी उसका साक्षात्कार नहीं करता।" "झूठेकी संगतिसे सचेको भी कलंक लेना पड़ता है।" "पुत्र, स्वजन, स्त्री, धन और मित्रोंके जाने या विमुख होनेपर अथवा प्राण जाने पर भी झूंठ नहीं बोलना चाहिए।"

इत्यादि वचनामृतोंको पीकर जो पाप रहित और श्रेष्ठ सत्य बोलता है, वही जगत्‌में प्रधानपुरुष है।

सत्यकी तरह सब प्रकारके तपोंमें अर्थात् जिन तपोंमें इच्छाओंका रोकना अनिवार्य है वे तप १२ प्रकारके कहलाते हैं, उनमें उत्तम और नव विध ब्रह्म गुप्तिसे गुप्त किया गया ब्रह्मचर्य नामक तप उत्तम है।

सुन्दर स्त्रियोंके मनोहर अंगोंको देख कर उनसे क्रीडा करनेकी जिसके चित्तमें इच्छा खड़ी होती है उसको त्याग देनेसे अथवा वेद नामक नोकषायके तीव्र उदयसे मैथुन सेवनकी इच्छाका त्यागना ब्रह्मचर्यव्रत है, उसे स्पष्ट करनेके लिए सत्पुरुष कहते हैं कि हे ज्ञानी पुरुष! अनुपम सहज, परम तत्वरूप, निजस्वरूपको छोड़ कर अति सुन्दर स्त्रियोंकी शरीर आदि विभूतिको मनमें क्यों याद करता है, और उनके मोहमें किस लिए फँसा पड़ता है।

अब्रह्मचर्य्य के दोष—स्त्री सम्भोगसे सन्ताप पैदा होता है, पित्तको बढ़ाता है, काम ज्वर फैल जाता है, हिताहितको नष्टकर मोहको बढ़ाता है। शरीर निःसत्व होता है। तृष्णामें बढ़ता जाता है, अतः कामेच्छामें और ज्वरमें कुछ भी अन्तर नहीं रह जाता। और इन दोषोंको जान कर भी यदि कोई सर्व्वथा शीलका पालन न कर सके तो गृहस्थका कर्तव्य है कि विवाहित पत्निमें अवश्य सन्तोष पैदा करे। क्योंकि इस प्रतिज्ञामें भी अनेक तरह की इच्छाओंका मर्दन कर देता है।

कहा भी है कि—अपनी स्त्री मात्रमें सन्तोष करनेके अनन्तर जो अन्य स्त्री मात्रकी कभी इच्छा तक भी नहीं करता है, उसमें भी सुदर्शन सेठ की तरह अद्भुत प्रभाव पैदा हो जाता है, तब ब्रह्मचारीके प्रभावकी प्रशंसा क्यों कर की जासकती है, क्योंकि वह तो अवर्ण्य है।

इसी भांति स्त्रीका भी परमधर्म है कि-पर पुरुष चाहे रूपमें, ऐश्वर्यमें, कलामें कितना भी बढा चढा क्यों न हो, उसे जहरका पुतला समझ कर त्याग देना चाहिए जिस प्रकार सीताने रावणको छोड दिया था। वही स्त्री देवोंसे पूजित होती है जिसने मैथुनके विकार को जीता है।

मैथुन नाम जोडे का है, प्रकृतिमें स्त्री पुरुषका ही जोडा समझा जाता है, दोनोंका परस्पर संयोग या सभोगके लिए जो भावविशेष उत्पन्न होता हैं अथवा दोनों मिलकर जो सभोग किया करते हैं उसको मैथुन कहते हैं, और उस मैथुनको 'अब्रह्म' कहते हैं। इसमें भी प्रमत्तयोगका सम्बन्ध है, क्योंकि उस अभिप्रायसे जो भी किया की जायगी, फिर चाहे वह परस्पर दो पुरुष या दो स्त्री ही मिल कर क्यों न करें, अथवा अनंग क्रीडा आदि ही क्यों न हो वह सब अब्रह्म है, और जो प्रमादको छोडकर किया करते हैं उसको मैथुन नहीं कहते। जैसे कि पिता भाई आदि पुत्री भगि आदिको जब गोदमें लेकर प्यार करते हैं तब वह अब्रह्म नहीं कहला सकता, क्योंकि उनमें 'प्रमत्तयोग' नहीं है। इस प्रमत्तयोगकी यदि एक अशमें निवृत्ति की जाय तो वह ब्रह्मचर्याणुव्रत कहलाता है। जैसे कहा है—

"माता बहन बेटीकी तरह परस्त्रीको जानता हुआ जो अपनी विवाहिता स्त्रीमें ही सन्तोष करता है, वह चौथा अणुव्रत कहलाता है।" "उत्तम पुरुष परस्त्रीको व्याधि और दुखके समान समझ कर दूरसे ही छोड देते हैं, क्योंकि परस्त्री सदैव दु:खोंका घर है, और सुखोंका नाश करनेके लिए प्रलयकी आग जैसी सिद्ध हुई है।" "जो स्त्री अपने पतिको छोड कर परपुरुषमें रमण करने चली जाती है, उसे परले सिरेकी निर्लज्ज समझना चाहिए। जब इस आचरणसे अपनी स्त्रीका भी विश्वास नहीं है तब परस्त्रीका किस बात पर विश्वास किया जा सकता है।" "परस्त्रीका सेवन करके पुरुष क्या सुख पाता है। केवल नरक निगोदमें रुलनेके अतिरिक्त और कुछ नहीं। अतः मनुष्योंको 'ब्रह्मचर्य' व्रतका पालन करना चाहिए।" "इस व्रतका आश्रय-लेकर योगीजन परब्रह्म परमात्माका और अपना स्वरूप अभेदरूपसे जान लेते हैं। उसीका अनुभव करते हैं, और इसे धीर वीर पुरुष ही धारण करनेमें समर्थ हैं। अल्पसत्ववाले, सीलरहित, इन्द्रियोंके दास, दुर्बल पुरुषतो इसका स्वप्नमें भी समाचरण नहीं करसकते, क्योंकि यह ब्रह्मचर्य असिधारा महाव्रत है।"

"इन तीनों भुवनोंमें ब्रह्मचर्य नामक व्रत ही प्रशंसनीय है, जो इसे निर्मलभावोंसे पालते हैं वे पूज्य पुरुषों द्वारा भी पूजित होते हैं।" "जो ब्रह्मचर्य पालनमें अनुरक्त रहते हैं वे दश प्रकारके मैथुनोंका सर्वथा त्याग कर देते हैं।" जैसे—

(१) शरीरका संस्कार-शृंगारादिकरना। (२) पुष्ट रसका सेवन करना। (३) गाना-बजाना-देखना-सुनना। (४) स्त्रीका संसर्ग करना। (५) स्त्रीमें किसी प्रकारका संकल्प-विचार करना। (६) स्त्रीके अंग उपांगोंको देखना। (७) उसे देखनेका संस्कार बनाए रखना। (८) पूर्व कृत भोगोंका पुनः स्मरण करना (९) अगाड़ीके लिए भोगनेकी चिन्तवना करनी। (१०) शुक्र (वीर्य)का क्षरण कर देना।

ये दश भेद मैथुनके हैं, ब्रह्मचारीके लिए ये सर्वथा त्याज्य हैं।

"जिस प्रकार किम्पाकफल (इन्द्रायण फल) देखने सूंघनेमें रमणीय है परन्तु विपाक होनेसे तो हलाहल विषका काम कर डालता है। इसी भान्ति यह मैथुन भी कुछ काल पर्यन्त रमणीक और सुन्दर तथा सुखदायक प्रतीत होते हैं, परन्तु विपाक समय यानी अन्त समयमें बहुत ही भयप्रद प्रतीत होते हैं।" "जो पुरुष काम और भोगोंमें विरक्त होकर सदा ब्रह्मचर्यका सेवन करते हैं उनको भावशुद्धिके लिए दश प्रकारका मैथुन त्याग देना चाहिए। क्योंकी इन दोषोंके त्यागे बिना भावोंमें निर्मलता नहीं आती। उत्तम भाव-ही कामके वेगको रोक सकता है।"

कहा भी है कि-"सर्पसे डसे गए प्राणीके सात वेग होते हैं, परन्तु कामरूपी सर्पके द्वारा डसे गए जीवोंके दश भयानक और बड़े वेग होते हैं, वे ये हैं।"

कामके उद्दीपनसे पहले पहल चिन्तामें घिर जाता है कि कामका सम्पर्क क्योंकर हो, दूसरे वेगमें उसे देखनेकी इच्छा हो जाती है, ३ दीर्घ निश्वास लेकर छोड़ता है, और कहता है कि हाय उसे देख भी न सका, ४ ज्वर हो आता है, ताप मान चढ़ जाता है, ५ बिना ही आगके शरीर जलने लगता है, ६ भोजन नहीं रुचता, ७ महा मूर्च्छा हो जाती है, कुछ भी चैन नहीं रह पाता। ८ उन्मत्त यानी पागल सा बन जाता है, बाय बाय बकने लगता है, ९ प्राणों का रखना दूभर हो जाता है तथा उसे यह संदेह हो जाता है कि मैं अब जीवित नहीं रहूंगा। और दशवां वेग ऐसा आता है कि जिससे

वह मर भी जाता है, इनमें व्याप्त होकर यह जीव यथार्थ तत्व अर्थात् वस्तु स्वरूप को नहीं देखता। जब लोकव्यवहार ही का ज्ञान विदा हो जाता है तब परमार्थका ज्ञान क्यों कर हो सकता है। क्योंकि सब बातोंमें वह बिलकुल अस्थिर बन जाता है।

"जिसको कामरूपी कांटा चुभता है वह प्राणी बैठने, सोने, चलने, फिरने, भोजन करनेमें तथा स्वजन पुरुषोंमें क्षण भर भी स्थिरताको प्राप्त नहीं होता। अर्थात् सब अवस्थाओंमें डिगमिगाया रहता है।" "कामसे ठगा जाकर मनुष्य चतुर होकर भी मूर्ख बन जाता है, क्षमाशील-क्रोधी हो जाता है, शूर वीर कायर बन जाता है, बडप्पनसे गिर कर छोटा रह जाता है, उद्यमी पुरुष आलसी बन जाता है। और जितेन्द्रिय भ्रष्ट हो जाता है।" अतः मूर्खता न करके मनुष्यको मनुष्य जन्म सार्थक बनानेके लिए ब्रह्मचर्य पालन करना चाहिए। क्योंकि तपोंमें उत्तम ब्रह्मचर्य ही तप है।"

कदाचारका परिणाम–बैलके नपुंसक बनानेकी क्रिया देखकर, लंपटका राजा द्वारा इन्द्रिय छेदन देख कर, सुधीको कुशील त्याग कर स्वदार सन्तोष व्रत लेकर परदारका त्याग कर देना योग्य है।" "मैथुनका सेवन किंपाकफलकी तरह आरंभमें अच्छा लगता है परन्तु परिणाममें दारुण कष्ट होता है।" "शरीरमें कम्प, पसीना, थकान या शिथिलता, चक्कर आना, घृणा होना, पौरुषेयका क्षय, तपदिक क्षय–आदि रोग मैथुन सेवनसे होजाते हैं।" "योनि-यन्त्रमें असख्य जीवराशीकी उत्पत्ति हो जाती है, और मैथुन करते समय वे जीवित नहीं रह सकते।"

वात्स्यायनका मत है कि–"रक्तमें कीडे हो जाते हैं, वे जीव सूक्ष्म होते हैं, और सम्पर्कके समय मर जाते हैं।"

मैथुन सेवनसे काम ज्वर घट नहीं सकता–"अग्निमें घी डाल-कर अग्निको बुझानेकी वृथाकी चेष्टाकी तरह स्त्रीसंयोगसे काम ज्वर कभी शान्त नहीं हो सकता। अतः स्त्रिएँ भी पर पुरुषको सर्पके समान समझकर उन्हें त्याग दें।" क्योंकि–

"ऐश्वर्य्यमें चाहे इन्द्रके समान हो और सुन्दरतामें कामदेवका अवतार हो तब भी सच्चारित्रोंकी दृष्टि में सीताने रावण का जिस प्रकार त्यागकिया इसी प्रकार पर पुरुष त्याज्य हैं।"

भगवान् महावीर का 'श्री आचारांग' और 'कल्पसूत्र' आदि सूत्रोंमें उनके जीवन चरितके अनुसार उनका जन्म क्षत्रियकुण्ड ग्राममें 'ज्ञातवंशीय' और 'काश्यपगोत्रीय' सिद्धार्थ क्षत्रिय राजाके घर त्रिशला क्षत्रियाणीकी कुक्षिसे हुआ था।

यह ज्ञातवंश उस समयके प्रसिद्ध ईक्ष्वाकु, आदि क्षत्रियोंके विशाल कुलोंकी तरह प्रसिद्ध 'वंश' समझा जाता था। इस ज्ञातृवंशके क्षत्रिय प्रायः 'ज्ञातृक' के नामसे पहचाने जाते थे। और उनके इस 'ज्ञातृ' कुलके सम्बन्धसे उनके नगरों के बाहर बनाए हुए खड-उद्यानों के नाम भी 'ज्ञातृखंड' के नामसे प्रसिद्ध थे। भगवान् महावीर प्रभुने 'कुण्डग्राम' के समीपवर्ती 'ज्ञातखंड' नामक बागमें दीक्षा ली थी। शास्त्र वचन तो इसकी खूब ही पुष्टि करता है।

जिनागममें 'ज्ञातृपुत्र' का प्रतिशब्द 'नायपुत्त' या 'नातपुत्त' के रूपमें और बुद्धागममें 'नाथपुत्त' या 'नाटपुत्त' के रूपमें जिस शब्दप्रयोगका उल्लेख देखनेमें आता है, वह भगवान् महावीर के 'ज्ञातृवंश' का ही अर्थसूचक नाम है, इसे मान लेनेमें हमको ऊपरोक्त कारण मिलते हैं, **'नायपुत्त'** या **'नातपुत्त'** में दोनों नाम संस्कृत में **'ज्ञातपुत्र'** शब्दके ही प्राकृत रूप हैं, और **'नाथपुत्त'** या **'नाटपुत्त'** ये दोनों नाम भी इसी शब्दके 'पाली' रूप हैं। प्राकृत में **'त'** को **'य'** और पाली में **'त'** को **'थ'** और **'थ'** को **'ट'** भी साधारणतया हो जाता है। दिगम्बर सूत्रोंमें **'ज्ञातृपुत्र'** का **'नाथपुत्त'** इस शब्दको व्यवहृत होता देखा जाता है। इस प्रकार भाषा और भावकी दृष्टिसे देखते हुए भी ये सब अलग २ नाम मूल **'ज्ञातृपुत्र'** शब्दमें मिल जाते हैं। ये सब नाम **'ज्ञातृपुत्र'** शब्दसे बनाए गए हैं। इसमें शंका करनेके लिए जरासा भी स्थान नहीं है। प्राचीन कालमें वंशके नामसे परिचय करानेकी प्रथा होनेसे भगवान् महावीर प्रभुके जीवनविषयक परिचय श्रीजिनागमोंमें और बौद्धागमोंमें **'नातपुत्त'** या **'नाथपुत्त'** शब्दसे और भगवान् महावीरके शिष्योंका परिचय **'नातपुत्तीय'** या **'नाथपुत्तीय'** शब्दसे विशेषतः दिया गया है।

श्रीजिनागमके १२ अंगोंमें छठवां अंग "णायधम्मकहाओ" है, उसमें उपर्युक्त आया हुआ **'णाय'** शब्द भी भगवान् महावीरका वंशवाचक "नायपुत्त" के साथ गहरा सम्बन्ध रखता है। प्राकृतमें **'न'** को **'ण'** हो जाना तो

एक साधारण नियम है। इस अंग का गुजराती अनुवाद भी 'भगवान् महावीरनी धर्मकथाओ, यह करनेमें आया है, इस अंगका परिचय श्रीसमवायांगसूत्रमें किया गया है, उसमें बताया है कि—"इस अंगमें ज्ञाताओं के नगरोंका, उद्यानोंका, मातापिता का, "इत्यादि परिचय दिया जायगा' यह लिखा है, टीकाकारने ज्ञाताओंका उदाहरणभूत अर्थ किया है, परन्तु "ज्ञाता" अर्थात् 'ज्ञातृवंशी' क्षत्रिय ही अर्थ पूर्वापर विचार करते हुए अधिक निश्चय होता है।

भगवान् महावीरका परिचय श्रीजिनागमोंमें 'नायपुत्त'–'ज्ञातपुत्र' के अतिरिक्त और नामोंसे भी दिया गया है, तथापि वहां पर 'नायपुत्त' शब्द की ही विशेष प्रधानता रही है। बहुत से प्राचीनतम सूत्रोंमें भगवान् महावीर प्रभुकी गुण गाथाका वर्णन विशेषतः 'नायपुत्त' शब्दसे ही किया गया है—

यथा–

"न ते सन्निहिमिच्छन्ति, नायपुत्तवओरया" १८

"न सो परिग्गहो वुत्तो, नायपुत्तेण ताइणा
मुच्छा परिग्गहो वुत्तो इइ वुत्तं महेसिणो" २१

"एयं च दोसं दट्ठूणं, नायपुत्तेण भासियं
सव्वाहारं न भुंजंति, निग्गंथा राइभोयणं" २६

"एयं च दोसं दट्ठूणं नायपुत्तेण भासियं,
अणुमायं पि मेहावी, मायामोसं विवज्जए" ४९

"एवं से उदाहु अणुत्तरनाणी, अणुत्तरदंसी अणुत्तरनाणदंसणधरे,
अरहा नायपुत्ते भगवं वेसालिए वियाहिए" १८

भावार्थ—"जो भगवान् 'ज्ञातपुत्र' के वचनों पर पूर्ण विश्वास रखते हैं वे किसी वस्तु का संग्रह करके नहीं रखते ॥ १८ ॥

प्राणीमात्रकी रक्षा करनेवाले 'ज्ञातपुत्र' महावीर प्रभुने वस्त्र पात्रको परिग्रह न बताकर मूर्च्छा यानी ममत्व भावको ही परिग्रह बताया है, यह महर्षिओंने कहा है ॥ २१ ॥ (दशवै० अ० ६)

